
वर्ष- 19 अंक - 309 | cityblastindore@gmail.com | इंदौर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
RNI NO. MPHIN/2005/15582

## अब मामा दिल्ली जाएंगे और दिल्ली भी खाली पीली नही जाएंगे



विदिशा ● एजेंसी

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा से बीजेपी उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब मामा दिल्ली जाएंगे और दिल्ली भी खाली-पीली नहीं जाएंगे। शिवराज की स्पीच का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में शिवराज कह रहे हैं, 'देश में मोदी जी और यहां मोहन यादव जी काम करेंगे और अब मामा दिल्ली जाएंगे और दिल्ली भी खाली-पीली नहीं जाएंगे। दुबला पतला-जरूर हूं, लेकिन काम कराके छोड़ूंगा, चिंता मत करना। यहां के विकास और बेहतरी के लिए जाएंगे।' वहां मौजूद एक कार्यकर्ता ने मांग करते हुए कहा कि आपको दिल्ली से दो पद लेकर आने हैं। कृषि मंत्री और पंचायत मंत्री। इस पर शिवराज हंसने लगे और कहा कि मैं तो कार्यकर्ता हूं और पार्टी जो भी दे देगी, लेकिन जो भी काम मिलेगा, पूरी प्रमाणिकता के साथ करूंगा। जब शिवराज ने कहा कि चुनाव में नहीं लड़ रहा हूं, तो इस पर एक कार्यकर्ता ने एक कहा कि मोदी जी लड़ रहे हैं। उसके बाद उन्होंने कहा कि नहीं-नहीं आप लड़ रहे हैं। अब मैं आज ज्यादा नहीं बोलूंगा, जिस दिन जीतकर आऊंगा, उस दिन बोलूंगा। ज्ञात रहे कि कल भोपाल में मोदी ने भी कहा था कि मैं शिवराज को दिल्ली ले जाऊंगा।

**चर्चा में शिवराज चौहान का भाषण**

### राहुल-प्रियंका को लेकर कांग्रेस का बड़ा प्लान

## पहले रामलला के दर्शन, फिर अमेठी रायबरेली से नामांकन

गुरुवार ● एजेंसी

अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस किसे चुनाव लड़ाएगी इसको लेकर सस्पेंस बना हुआ है और अटकलें भी जारी हैं। अब जो खबर आ रही है उसके मुताबिक अमेठी से राहुल और रायबरेली से प्रियंका चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। इन दोनों सीटों पर 26 अप्रैल से नामांकन भरे जाएंगे। 27 अप्रैल को राहुल गांधी अमेठी पहुंच सकते हैं। इसके बाद राहुल गांधी 1 मई को अमेठी से और प्रियंका गांधी 3 मई को रायबरेली से नामांकन भर सकती हैं। राहुल, प्रियंका की उम्मीदवारी की घोषणा 30 अप्रैल के आसपास होगी। राहुल गांधी की टीम ने अमेठी में कैंप करना भी शुरू कर दिया है। यह भी बताया जा रहा है कि नामांकन से पहले राहुल-प्रियंका अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करेंगे ताकि यह संदेश दिया जा सके कि राहुल-प्रियंका भी हिन्दू और रामभक्त हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब अमेठी से राहुल चुनाव लड़ रहे हैं तो यहां रॉबर्ट वाड्रा के पोस्टर किसने और क्यों लगाए?





## पहले फूलों की जांच हुई, फिर बरसे मोदी पर

**भोपाल.एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी के कल भोपाल में हुए रोड शो के दौरान मोदी पर जमकर फूल बरसे, लेकिन फूल की आड़ में कोई नारियल, पत्थर न फेंक दे, इसलिए पहले फूलों की जांच की गई। जहां-जहां फूलों के ढेर लगे थे वहां फूलों की थ्री-लेयर जांच हुई जिसके लिए कई जवान तैनात किए गए थे। कथावाचक प्रदीप मिश्रा पर रंग-गुलाल के साथ नारियल फेंका गया था जिससे उनके सिर में चोट आई थी, शायद इसी घटना को देखते हुए भोपाल में फूलों की जांच हुई। मोदी 18 दिन में आज छठा दौरा कर रहे हैं। वे मुरैना में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ...

### मप्र की 6 सीटों पर कल मतदान, आज 8 सीटों पर नामांकन का आखिरी दिन

**गुरुवार.एजेंसी।** दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 88 सीटों पर कल मतदान होगा। इस चरण में मप्र की बैतूल सीट पर भी मतदान होना था, लेकिन प्रत्याशी की मौत के कारण अब यहां तीसरे चरण में वोटिंग होगी। कल मध्यप्रदेश की टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, रीवा, होशंगाबाद, सतना सीट पर मतदान होगा। मप्र में चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। चौथे चरण में इंदौर, देवास, रतलाम, धार, खरगोन, खंडवा, उज्जैन, मंदसौर में मतदान होगा। इन सभी जगहों पर आज नामांकन का आखिरी दिन है।

### ज्ञानवापी पर फैसला देने वाले जज को धमकी

**बरेली:** वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर ऐतिहासिक फैसला देने वाले सिविल जज रवि दिवाकर को धमकी मिलने का सिलसिला जारी है। जज का आरोप है कि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय नंबरों से लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। दिवाकर ने बरेली के एसएसपी को पत्र लिखा है।

### स्कूल में तीन बार बजेगी पानी पीने के लिए घंटी

**चंडीगढ़.एजेंसी।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए हरियाणा के शिक्षा विभाग ने भी सभी राजकीय व निजी स्कूलों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि स्कूलों में विद्यार्थियों को धूप में नहीं बैठाया जाए। साथ ही हर एक घंटे में बच्चों के लिए पानी पीने के लिए घंटी बजाई जाएगी, ताकि बच्चे डिहाइड्रेशन का शिकार न हो।

## राम मंदिर के जिक्र पर मोदी को क्लीनचिट

### मुस्लिमों को धन बांटने वाले बयान की जांच शुरू

नई दिल्ली ● एजेंसी

चुनाव की सरगर्मियों के बीच मोदी को चुनाव आयोग से क्लीन चिट मिल गई है। चुनाव आयोग का मानना है कि उप्र की पीलीभीत वाली रैली में राम मंदिर और करतारपुर कॉरिडोर का जिक्र चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है। उधर चुनाव आयोग ने मोदी के राजस्थान में दिए गए उस भाषण के खिलाफ दर्ज शिकायतों की पड़ताल शुरू कर दी है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह लोगों के धन को मुस्लिमों में बांट देगी। कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने मोदी के भाषण को लेकर आयोग को अलग-अलग शिकायतें दी थीं।

## यूट्यूबर मनीष कश्यप आज भाजपा में होंगे शामिल

### चुनाव नहीं लड़ेंगे, भाजपा गठबंधन के लिए करेंगे प्रचार

बेतिया ● एजेंसी

बिहार के फेमस यूट्यूबर मनीष कश्यप भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। मनीष कश्यप आज दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय पहुंचेंगे, जिसके बाद उन्हें बीजेपी की सदस्यता दिलाई जाएगी। इससे पहले उन्होंने ऐलान किया था कि वो पश्चिमी चंपारण सीट से लोकसभा का निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। हालांकि अब उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। खुद को सन ऑफ बिहार कहने वाले



मनीष कश्यप ने पश्चिमी चंपारण सीट पर चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन भाजपा सांसद मनोज तिवारी से हुई चर्चा के बाद मनीष कश्यप अब चुनाव नहीं लड़ेंगे और भाजपा में शामिल होंगे।

## मोदी के मुरीद हुए जेपी मॉर्गन के सीईओ

गुरुवार ● एजेंसी

विश्व प्रसिद्ध और दुनिया के सबसे बड़े वित्तीय संस्थानों में से एक जेपी मॉर्गन चेज के सीईओ जेमी डिमन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। डिमन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुधारों को आगे बढ़ाकर, समावेशी वित्तीय कार्यक्रमों के माध्यम से 40 क-



रोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालकर भारत में 'अविश्वसनीय काम' किया है। क्योंकि यह एक आदमी उतना ही सख्त है। अमेरिका में भी ऐसी सख्ती जरूरी है। मोदी के पास एक अविश्वसनीय शिक्षा प्रणाली, अविश्वसनीय बुनियादी ढांचा है, वह पूरे देश को ऊपर की तरफ ले जा रहे हैं, यह इसलिए हो रहा है

## जदयू नेता की हत्या

**पटना.एजेंसी।** पटना के पुनपुन में जेडीयू के युवा लीडर सौरभ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले के बाद आक्रोशित लोगों पटना-गया मार्ग जाम कर दिया। एक शादी समारोह से वापस आते वक्त जेडीयू नेता की हत्या की गई।

## भारत के अरबपति ने खरीदा ई-रिक्शा

**गुरुवार.एजेंसी।** भारत के अरबपति तथा जोहो कॉर्पोरेशन के सीईओ श्रीधर वेम्बू ने ई-रिक्शा खरीदकर एक नई मिसाल पेश की। पद्मश्री से सम्मानित श्रीधर के पास कारें भी हैं, लेकिन कम दूरी के सफर के लिए उन्होंने ई-रिक्शा खरीदी।





# पूर्व महापौर, सभापति और पार्षदों की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा कार्यालय पर कल लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व पार्षद, सभापति एवं महापौर की बैठक संपन्न हुई। सभी पूर्व पदाधिकारियों को अपने-अपने बूथ की जिम्मेदारी संभालकर वहां बूथ से लोकसभा उम्मीदवार को विजयी बनाने के निर्देश दिए गए। पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, शंकर यादव, उमाशशि शर्मा, पुष्यमित्र भार्गव, गौरव रणदिवे, राजेन्द्र शुक्ला, गोपाल गोयल, रवि रावलिया, अंजु माखीजा, जवाहर मंगवानी सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजपा में शामिल करने का दबाव -कांग्रेस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देपालपुर विधानसभा में कांग्रेस प्रभारी मोतीसिंह पटेल ने आज आरोप लगाया कि कांग्रेस के पूर्व विधायक विशाल पटेल जो भाजपा में जा चुके हैं। इन विशाल पटेल को कांग्रेस ने दो बार और उनके पिता जगदीश पटेल को भी दो बार याने विशाल पटेल और जगदीश पटेल को कुल 4 बार टिकिट दिया। इनमें तीन बार विधायक बने और अब निजी स्वार्थों के कारण कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए और अब विशाल पटेल देपालपुर विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर आज भाजपा में शामिल होने का दबाव बना रहे हैं। मोतीसिंह पटेल ने कहा कि कोई भी कांग्रेसी इनके प्रलोभन दबाव में नहीं आए। हम सब मिलकर इस विपरीत परिस्थिति में कांग्रेस के साथ खड़े रहेंगे और कांग्रेस को मजबूत करेंगे और सभी का मान-सम्मान भी कांग्रेस में बरकरार रहेगा।



# सभी विधानसभा प्रभारी और संयोजकों को दिए निर्देश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने कल भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव को लेकर 8 विधानसभा प्रभारी और संयोजकों की बैठक बुलाई। सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश चुनाव को लेकर दिए गए।



# जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जमीनी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को आगे लाओ समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतू दीवान ने कार्यकर्ता सम्मेलन में रतलाम पहुंचकर वहां शिरकत की। बड़ी तादाद में कार्यकर्ता मौजूद थे। दीवान ने संबोधन भी दिया। बूथ स्तर पर काम करने की शपथ भी दिलाई।

# भाजपा पार्षद और नेताओं ने दिखाया दम



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विधानसभा क्षेत्र क्र.3 में लोकसभा प्रत्याशी शंकर लालवानी का जन-सम्पर्क किया गया। जहां वार्ड 59 में पार्षद डॉ.रुपाली अरुण पेंढारकर ने अपनी टीम के साथ ताकत दिखाई। सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं वार्ड 61 में भी शंकर लालवानी और गोलू शुक्ला की मौजूदगी में भाजपा अजा मोर्चे के राजेश शिरोडकर ने टीम के साथ प्रचार-प्रसार कराया। वार्ड पार्षद ने यहां पर भी ताकत लगाई। वार्ड 61 में चंद्रभाभाग स्थित हनुमानजी के दर्शन के साथ जनसम्पर्क शुरू हुआ। गौशाला में गोपूजन भी किया गया। महिला मोर्चा की मातृशक्तियों ने मानव श्रृंखला भी बनाई। वार्ड 55 के छावनी ग्राउण्ड पर मंच से युवाओं ने लालवानी को भगवान श्रीराम का चित्र भेंट किया।



# विधायक और पार्षद ने किया सम्पर्क



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लोकसभा चुनाव के निमित्त विधानसभा क्षेत्र क्र.5 के विधायक महेंद्र हार्डिया ने वार्ड क्रमांक 54 में जनसंपर्क क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल के साथ घर-घर जाकर किया और मतदान के लिए पीले चांवल भी बांटे। नवीन गढ़वा, राजेश सनोटिया, सुनीता चौधरी, गीता कनोजिया, सपना भदौरिया, अतुल राजपूत, आशा मंत्री, बबलू लश्करी, दिनेश रोकड़े, दुर्गेश मिंजवा, गोपाल सिंगार मौजूद थे।

# कांग्रेस के मंच पर चढ़ गए थे कई कांग्रेसी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस और भाजपा संगठन में यही अन्तर होता है, भाजपा के मंच पर तयशुदा भाजपाई ही चढ़ पाते है और कांग्रेस के मंच पर जो जमकर बैठ गया उसका कब्जा माना जाता है। कल भी मंच ठसमठस था। इस पर पूर्व विधायक अश्विन जोशी को डर सताने लगा कि कहीं मंच ना गिर जाए और उन्होंने माइक हाथ में लेकर मंच से जो अपेक्षित नहीं उन्हें हटने की बात कही थी और उन्होंने यहां तक कहा था कि मंच टूट सकता है इसलिए विधायक, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता ही बैठें। जोशी ने बूथ स्तर की सीख भी दी और बूथ जीताने की बात भी कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी व्यस्त कार्यक्रम के चलते कार्यक्रम में देरी से पहुंचे थे। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष को भी मंच पर देरी से जगह मिली। वहीं जीतू पटवारी ने मीडिया से चर्चा में कहा था कि अक्षय बम अच्छे उम्मीदवार है। इनका कोई गलत काम नहीं है। न ही यह शराब बेचते है। इधर इंदौर आए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का इंदौर स्वच्छता में प्रथम आने के कारणों का आरोप चर्चा में बन गया और इस पर भाजपा से लेकर महापौर तक ने पलटवार किया।

## पूर्व विधायक ने दी सीख

# आम आदमी पार्टी भी आई अक्षय बम की नामांकन रैली में

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने कल इंदौर लोकसभा प्रत्याशी के रूप में नामांकन जमा किया जिसमे गठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आम आदमी पार्टी भी गठबंधन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम के साथ चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका में है। आप कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में नामांकन रैली में शामिल हुए।





# शक्ति केन्द्र और बूथ जिम्मेदारों की बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा 4 वार्ड 69 शक्ति केंद्र नंबर 10 की बूथ 14 की समिति के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें लोकसभा चुनाव शक्ति केंद्र प्रभारी निर्मल वर्मा ने चर्चा की। सभी कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए कि कार्यकर्ता हर बूथ पर घर घर संपर्क करके मोदीजी की 'राम राम' बोलेंगे और भाजपा की योजना की जानकारी देवे और पत्रक का वितरण करें।

# शोभा ओझा भी रही मंच पर मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पारिवारिक कारणों से लोकसभा चुनाव से दूरी का पत्र कांग्रेस नेत्री शोभा ओझा ने दिया था। कल जब कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अक्षय बम के लिए नामांकन के पूर्व मोती तबेला पर सभा हुई और उस मंच पर शोभा ओझा भी नजर आई। इससे कांग्रेसियों ने चुनाव में अच्छे संकेत बताए। प्रदेश कांग्रेस ने भी ओझा को नए सिरे से जवाबदारी दी थी।

**शोक बैठक**



स्व. श्री श्रीरामजी सारडा की सुपुत्री, हमारी बड़ी बहन, शौर्य, शार्दुल, सारंग की भुआ (भांजे), संदीप मोहित झंवर की माताजी, श्री दिनेश झंवर की धर्मपत्नी

**श्रीमती दीपिका झंवर**

**शोक बैठक**– दिनांक. 25 अप्रैल2024, गुरुवार को सायं 5 से 7 बजे निज निवास 194, द्वारकाधीश कॉलोनी, इंदौर पर रखी गई है।

शोकाकुल- दिलीप, दिनेश (कालू) मिथुन सारड़ा व सारड़ा परिवार
फर्म - छप्पन भोग केटरस

# उत्साही संजय शुक्ला पहुंच गए दलालबाग पर तैयारी देखने


**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**






कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए पूर्व विधायक संजय शुक्ला और विशाल पटेल आज अपनी विधानसभा 1 और देपालपुर से कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल करवा रहे हैं। इसके लिए शुक्ला और पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में दलालबाग में बड़ा आयोजन रखवाया है। शुक्ला और पटेल ने 8 हजार कांग्रेसियों के भाजपा में जाने का दावा किया है, इस आयोजन को लेकर पूर्व विधायक संजय शुक्ला आज जल्दी ही दलाल बाग व्यवस्था को देखने पहुंच गए थे और उधर विशाल पटेल भी लगातार देपालपुर के कांग्रेसियों से सम्पर्क कर उन्हें इंदौर बुलवा रहे थे यह व्यवस्था संजय शुक्ला ने भी एक नम्बर के कांग्रेसियों के लिए की थी। दलाल बाग के मंच पर भी आज संजय शुक्ला पहुंचे और उन्होंने पूरी व्यवस्था को देखा।

आज कांग्रेसियों के भाजपाई होने के कार्यक्रम में संजय शुक्ला ने अपने पुराने नेता और भाजपा में आए पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी को भी आमंत्रित किया है। आज इस दल-बदल आयोजन में भाजपा विधायक, पदाधिकारी, कार्यकर्ता की भी मौजूद रहने की संभावना है, क्योंकि आज संजय शुक्ला, विशाल पटेल के कार्यक्रम के अलावा शंकर लालवानी के नामांकन रैली और सभा का आयोजन भी है। दलाल बाग में मुख्यमंत्री की सभा स्थल दोनों जगह पर मुख्यमंत्री की बतौर सुरक्षा पुलिस भी चाकचौबंद लगी हुई है। संजय शुक्ला और विशाल पटेल ने दलाल बाग पर जमकर पोस्टर भी लगाए हैं, जिसमें मुख्यमंत्री के चित्र भी बड़े लगे हैं।





# लालवानी ने खजराना बप्पा और मां अहिल्या के किए दर्शन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी शंकर लालवानी आज अपने निवास से निकलकर सबसे पहले खजराना गणेश मंदिर पहुंचे और बप्पा की पूजा आराधना के साथ दर्शन किए और नामांकन सही हो और चुनाव में अच्छा आशीर्वाद मिले इसकी गुहार भी की। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र हार्डिया भी मौजूद रहे। लालवानी खजराना गणेश मंदिर के बाद सीधे राजवाड़ा अहिल्या प्रतिमा पहुंचे और वहां उन्होंने माता की पूजा आराधना के साथ माल्यार्पण किया। इस दौरान विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद डॉ. रूपाली पेंढारकर मौजूद थे। यहीं पर मोदी मुखौटे के साथ भाजपाई भी नजर आए।



## कल तैयार किए थे डाक्यूमेंट

बताया जा रहा है कि शंकर लालवानी ने कल अपने नामांकन के पूरे डाक्यूमेंट उमेश शर्मा के कार्यालय पर चेक कर हस्ताक्षर किए थे। इस दौरान उमेश शर्मा के बेटे भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में लालवानी के नामांकन की तैयारी पूर्ण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



इंदौर के भाजपा लोकसभा प्रत्याशी शंकर लालवानी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री आज मंच से उद्बोधन भी देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर के अलावा रतलाम, झाबुआ के भाजपा प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने के लिए दोपहर में पहुंचेंगे और वहां भी जनसभा को संबोधित करेंगे। वहां से वापस इंदौर आकर भोपाल जाएंगे। मुख्यमंत्री की मौजूदगी के कारण आज लालवानी का नामांकन महत्वपूर्ण होगा। भाजपा के सभी विधायकों, पार्षदों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी भी रहेगी। इस आयोजन के लिए जिला पंचायत के समीप मंच बनाकर तैयारी की गई है। भाजपाइयों के बैठने की व्यवस्था भी चाकचौबंद कर दी गई है, भाजपाइयों का पहुंचना भी शुरू हो गया है।

## विजयवर्गीय ने बताई वीडियो में रेलवे की उपलब्धि

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने लोकसभा चुनाव का कैम्पेन शुरू किया और वीडियो में रेलवे की जमकर उपलब्धियां बताई और बताया कि इस 10 साल में रेलवे की हालत में कितना सुधार हुआ है। 10 वर्ष पहले रेलवे का बजट क्या था, रेलवे में सफाई कितनी बढ़ी, गाड़ियां कितनी बढ़ी, मानव रहित रेलवे फाटक समाप्त किए गए। विजयवर्गीय ने बताया कि बजट 16 गुना अधिक हो चुका है। 90 प्रतिशत लाइनों का इलेक्ट्रीफिकेशन किया गया। रेलवे पटरियां 55 हजार किलोमीटर से अधिक की हो चुकी है।

# 2003 के बाद कितने खेल मैदान बनाए भाजपा बताए- कांग्रेस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने आज मीडिया से चर्चा में बताया कि आजादी के बाद से जहां कांग्रेस सरकार ने खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया, खेल मैदान बढ़े, खिलाड़ियों को रोजगार मिले इसके लिए तत्काल तत्कालीन कांग्रेस सरकारों ने प्रयास किए। इंदौर में भी खेल के मैदान और खिलाड़ी पर कार्य किया, खेल पर बजट भी रखा, पुरस्कार भी रखे यहां तक कि कांग्रेस सरकार ने खिलाड़ियों के नाम अवार्ड भी रखे और स्टेडियम के भी नाम रखे गए। द्विवेदी ने कहा कि हम इंदौर के मुद्दे पर सवाल खड़े कर रहे हैं, जहां कांग्रेस सरकार ने नेहरु स्टेडियम, चिमनबाग खेल मैदान, मल्हार आश्रम आदि खेल मैदान बनाए। वहीं अब भाजपा को यह बताना चाहिए कि भाजपा सरकार ने 20 साल में 2003 से अब तक कितने खेल मैदान बनाए। द्विवेदी ने कहा कि इस पर भाजपा जवाब नहीं दे पाएगी, उलटा भाजपा के समय इंदौर विकास प्राधिकरण की योजना सुपर कारिडोर में आरक्षित स्टेडियम को भी हटा दिया गया है।

अटल खेल संकुल पर भी भाजपाई गिरोह का कब्जा है। नगर निगम में 7 हजार से अधिक मस्टर कर्मचारियों को रखा, लेकिन उसमें कितने खिलाड़ियों को रखा वह भी जवाब भाजपाइय़ों क़ो देना चाहिए। पहले कांग्रेस के समय अखाड़ा और कुश्ती के पहलवानों का नाम चलता था और फिल्म तक में इंदौर के गुरु का नाम आता है। द्विवेदी ने कहा कि खुद कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था कि हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को भारत रत्न मिलना चाहिए। द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 20 साल में एक भी खेल मैदान नए सिरे से नहीं विकसित किया और ना ही स्टेडियम बनाया उलटा नेहरू स्टेडियम को खराब करने का ही काम भाजपा ने किया। मल्हार आश्रम में सीएम राइजिंग स्कूल खुल रहा है। द्विवेदी ने यहां तक कहा कि 1989 से अभी तक भाजपा के ही सांसद है उन्होंने इंदौर के खेल और खिलाड़ी के अलावा मैदान के लिए क्या प्रयास किए, लोकसभा में क्या प्रश्न उठाए, भाजपा विधायकों ने कब प्रश्न विधानसभा में उठाए और उस पर क्या हुआ।

वहीं नगर निगम ने लोखंडे पुल मार्ग पर मछली मार्केट को कचरा संग्रहण के लिए खत्म किया, कांग्रेस ने पुलिस विभाग और अन्य शासकीय विभाग के खेल मैदान खिलाड़ियों के काम आए इसकी जुगत की थी, भाजपा सरकार ने यह भी सब खत्म किए। द्विवेदी ने कहा कि पुलिस विभाग अपने खेल के मैदान पर पटाखे बेचे, राखी बेचेगा पर बच्चों को खेलने नहीं देगा। वहीं कुछ भाजपा नेता कह रहे हैं कि अब इंदौर में तो हॉकी खिलाड़ी नहीं के बराबर है, इस पर द्विवेदी ने प्रश्न किया कि जब मैदान ही नहीं मिलेंगे और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन नहीं दिया जाएगा तो ऐसा ही होगा। अब भी समय है कि खेल के मैदान बढ़ते शहर के मुताबिक बढ़ाए जाए और खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन दिए जाए, कुश्ती के खिलाड़ियों को अखाड़ों में सुविधा दिलवाई जाए। फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, बैड मिंटन, टेबल टेनिस, खो-खो, कुश्ती सहित अन्य खेलों के लिए अलग-अलग विशेषज्ञ लगाकर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए और सबसे पहले मैदान तैयार किए जाए। उक्त पूर्ण जानकारी प्रमोद द्विवेदी द्वारा दी गई।

# निगम में 21 करोड़ का नया घोटाला पकड़ा

## पुलिस ने जब्त की 16 फाइल, बिना काम किए हो गया भुगतान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम में 28 करोड के गड़बड़ झाले की जांच के दौरान 21 करोड रुपए का नया घोटाला पकड़ा गया है। पुलिस ने इस घोटाले से संबंधित 16 फाइल जब्त की है। इस मामले में भी यह हकीकत सामने आई है कि काम किए बगैर ही पांच संदिग्ध फर्मों द्वारा बिल लगाकर यह राशि निगम के खजाने से निकाल ली गई।**

पुलिस के द्वारा निगम के खजाने से 28 करोड रुपए की राशि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निकालने की कोशिश के मामले में दर्ज किए गए अपराधिक प्रकरण की जा-च को तेज कर दिया गया है। अब तो क-रीब करीब हर दिन ही पुलिस की एक टीम नगर निगम में जाकर बैठना शुरू हो गई है। इस टीम के द्वारा पुरानी फाइल खंगालने का काम भी किया जा रहा है। इस काम के




दौरान कल पहले से ही संदिग्ध मानी जा रही पांच फर्मों की 16 फाइलें मिली है। इन फाइल में कूटरचित तरीके से दस्तावेज तैयार करते हुए 21 करोड़ के बिल लगाए गए थे।

यह फाइल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के अंतर्गत आने वाले परदेशीपुरा और नंदा नगर क्षेत्र में ड्रेनेज की लाइन डालने और ड्रेनेज के चेंबर बनाने के कामों की है। इन फाइलों को भी ऑडिट विभाग के द्वारा पास कर दिया गया था। इसके आधार पर लेखा विभाग से इन फर्मो के नाम पर भुगतान भी जारी कर दिया गया। इस मामले की जांच कर रहे थाना एमजी रोड के टीआई विजय सिसोदिया ने बताया कि इन सभी फाइलों को ज़ब्त कर लिया गया है। यह फाइल ओरिजिनल है। इसमें सभी व्यक्तियों के हस्ताक्षर भी ओरिजनल है। ध्यान रहे की 28 करोड के गड़बड़ झाले में ओरिजनल फाइल चोरी हो चुकी है। ऐसे में फोटोकॉपी वाली फाइल से ही पुलिस के द्वारा जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में यह ओरिजनल फाइल मिलना पुलिस की जांच के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण साबित हो जाएगा। अब जो फर्जी वाडे की 16 फाइल मिली है वह सभी फाइल वर्ष 2020-21 की है। उस समय पर ही यह फाइल तैयार कर प्रस्तुत की गई और फिर भुगतान के लिए लेखा विभाग तक पहुंची। इन फाइलों का भुगतान भी इसी ड्यूरेशन में जारी हुआ।

### लेखा विभाग की पीड़ा नहीं समझे कोई

इस मामले में लेखा विभाग की पीड़ा को समझने के लिए कोई तैयार नहीं है इस विभाग के पास किसी भी बिल के परीक्षण का अधिकार नहीं है जब कोई भी फाइल ऑडिट विभाग से होकर लेखा विभाग में पहुंचती है तो उस फाइल में दर्ज राशि का भुगतान करने के लिए लेखा विभाग बाध्य है। वह फाइल की जांच भी नहीं कर सकता है। इसके बावजूद सारी गड़बड़ी का ठीकरा इसी विभाग पर फोड़ने की तैयारी की जा रही है।

# 5 फरार आरोपियों की संपत्ति करेंगे अटैच

## पुलिस ने शुरू की कार्रवाई करने की तैयारी, निगम से ली जानकारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। इंदौर नगर निगम के करोड़ों रुपए के घोटाले में उलझी पांच फार्मो के संचालकों की संपत्ति को अटैच करने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। पुलिस के द्वारा इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने नगर निगम से इन आरोपियों की संपत्ति की जानकारी हासिल कर ली है।**

करोड रुपए का फर्जीवाड़े का खेल खेलने वाली फर्म के फरार संचालकों की गिरफ्तारी पर पुलिस के द्वारा 10000 का इनाम घोषित किया जा चुका है। इस इनाम की घोषणा के बाद भी इन आरोपियों की धर पकड़ नहीं हो पा रही है। इन आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस के द्वारा कई शहरों में छापामार कार्रवाई की गई है। इन आरोपियों के द्वारा नगर निगम के रिकॉर्ड में अपनी फर्म के जो पेड दर्ज कराए गए थे वह सभी फर्जी निकले हैं। इसके बाद अब पुलिस के द्वारा कार्रवाई का अगला चरण शुरू किया जा रहा है। इसके अंतर्गत इन आरोपियों की संपत्ति को अटैच करने की कार्रवाई शुरू की जा रही है। पुलिस के द्वारा इंदौर नगर निगम से इन सभी आरोपियों की संपत्ति की जानकारी दो दिन पूर्व ही प्राप्त कर ली गई है।

कल पुलिस थाना एमजी रोड पर नगर निगम के इस मामले के शिकायतकर्ता अधिकारी सुनील गुप्ता के साथ पुलिस के द्वारा का-फी देर तक पूछताछ की गई। इसके अलावा इन आरोपियों की सं-पत्ति की जो जानकारी नगर निगम के द्वारा उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा भी कोई संपत्ति होने के बारे में भी पुलिस ने जान-कारी जुटाई है। अब संभव है कि आज से पुलिस के द्वारा इन आरोपियों की संपत्ति को अटैच करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी जाए। इस कार्रवाई को शुरू किए जाने की भनक इंदौर नगर निगम के अधिकारियों को भी दे दी गई है ।

# वार्ड 47 के दो सरकारी स्कूल के बदलेंगे हालात, होगा संवारने का काम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा पांच के वार्ड 47 से जुड़े दो प्रमुख सरकारी स्कूल के अब दिन फिरने वाले है। जिसके तहत यहां इंदौर नगर निगम द्वारा लगभग दो करोड़ के आसपास खर्चकर सालों पुराने स्कूल भवनों को संवारकर यहां नवीनीकरण किया जाना है। जिसके लिए पिछले दिनों ही बकायदा निगम द्वारा टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

**दो चरणों में होगा स्कूल भवन का निर्माण-** वहीं इधर, क्षेत्रीय पार्षद व एमआईसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया निगम द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार कार्य और सालों पुराने स्कूल भवनों में बच्चों के लिए सुविधा जुटाने के लिए लगातार नए काम कर प्रयास किए जा रहे है। जिसके तहत स्वामी विवेकानंद हायर सेकंडरी स्कूल में भी लगभग एक करोड़ चालीस लाख रुपए के आसपास खर्चकर यहां की पुरानी इमारत में न्यू बिल्डिंग अंडर कंट्रक्शन किया जाना है। इसके अलावा गोमा की फेल बस्ती में कम्युनिटी हॉल के पास स्थित सरकारी प्रायमरी स्कूल भवन को संवारने के लिए भी निगम करीब 60 लाख रुपए से ज्यादा खर्च करेगा। जिसके तहत यहां पुराने जर्जर भवन को डिस्मेंटल कर नया भवन बनाकर दो चरणों में इस स्कूल भवन के जीर्णोद्धार करने की तैयारी है। जिसके तहत पहले चरण के काम के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं अब बेहद जल्द काम भी शुरू करने की तैयारी है।

**नवीनीकरण से बढ़ेगी छात्रों के लिए सुविधाएं-** पहाड़िया ने बताया स्वामी विवेकानंद हायर सेकंडरी स्कूल में छात्रों की सुविधा बढ़ाने के लिए हमने पहले भी पुरानी बिल्डिंग संवारने के लिए काम करवाया था। वहीं अब दूसरे चरण में एक करोड़ चालीस लाख रुपए के आसपास खर्चकर छात्रों की सुविधा के लिए स्कूल बिल्डिंग के नवीनीकरण के साथ स्मार्ट क्लास रूम का निर्माण किया जाना है। इसके अलावा खेल मैदान की सौगात और अन्य सुविधाएं उपलब्ध क-राने की तैयारी भी चल रही है जो आने वाले दिनों में नजर आएगी।

## सिटी ब्लास्ट की खबर फिर सटीक रही

# 28 करोड़ के घोटाले का ठीकरा लेखा शाखा पर फोड़ना शुरू

## पहले आदेश में दो कर्मचारियों को हटाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम में हुए 28 करोड़ के घोटाले का ठीकरा निगम की लेखा शाखा पर फोड़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। कल लेखा शाखा के दो कर्मचारियों को इस शाखा से हटाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड पर भेज दिया गया है।**

सिटी ब्लास्ट द्वारा अपने कल के अंक में प्रमुखता के साथ यह समाचार प्रकाशित किया गया था कि इस 28 क-रोड़ की गड़बड़ी मामले के जिम्मेदारों को तलाश रही निगम की जांच टीम लेखा शाखा को इसके लिए जिम्मेदार ठहराने की तैयारी में है। कल ही सिटी ब्लास्ट ने यह भी प्रकाशित कर दिया था कि इस मामले में लेखा शाखा के कुछ कर्मचारियों पर कार्रवाई की गाज गिराई जाएगी। कल दोपहर में नगर निगम में इस संदर्भ में आदेश जारी हुआ। इस आदेश में लेखा शाखा में काम करने वाले कर्मचारी सुनील तंवर और भूपेंद्र पुरोहित को हटा दिया गया है। इन दोनों कर्मचारियों को ट्रेंचिंग ग्राउंड पर तैनात कर दिया गया है। इनमें से सुनील तंवर के द्वारा बिल परीक्षण का काम किया जाता था, जबकि पुरोहित के द्वारा ई नगर पालिका पोर्टल पर बिलों से संबंधित कामकाज को देखा जाता था। इन दोनों कर्मचारियों को हटाने का आदेश जारी होने के साथ ही लेखा शाखा में हडबड़ाहट शुरू हो गई है।

### दोषियों को मिलेगी क्लीन चिट

अब इस बात के आसार एक बार फिर बढ़ गए हैं कि नगर निगम के द्वारा इस मामले में भी दोषियों को क्लीन चिट दे दी जाएगी। निगम की ड्रेनेज शाखा को इस पू-री गड़बड़ी में किसी तरह सम्मिलित नहीं पाया जाएगा। इस शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाएगा।

# मूसाखेड़ी-सांवरिया धाम सड़क निर्माण के बाद पौन किमी लंबी सड़क से 20 गलियों के 4 हजार परिवारों को मिलेगी राहत

## अब मयूरनगर में भी जल्द होगी भीतर की 20 फीट चौड़ी सड़क तैयार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मूसाखेड़ी रिंगरोड चौराहे से सांवरिया धाम सड़क नि-र्माण कार्य लगभग पूरा हो जाने के बाद अब मयूरनगर में भी बेहद जल्द भीतर की सड़क भी नई सीमेंटेड बनेंगी। जबकि वर्तमान में अभी संकरी है जिसे पहले से और ज्यादा चौड़ी लगभग 20 से 22 फीट के आसपास बनाने की तैयारी है। वहीं खास बात यह है कि करीब पौन किमी लंबी बनने वाली यह मुख्य सड़क क्षेत्र की 20 गलियों को आपस में जोड़ती भी है। फिर भी अभी भीतर की यह सड़क कई जगह से ऊबड़-खाबड़ और गड्ढेदार भी हो रही है जिसके कारण लोगों को फिलहाल यहां से आने-जाने में भारी दिक्कतें होती है।

**बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरे होने से नजर नहीं आती सड़क-** यही नहीं बारिश के दिनों में तो इस मुख्य सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा होने से जगह - जगह कीचड़ और गंदगी ही नजर आती है। वहीं अब क्षेत्रिय पार्षद महेश बस-वाल ने यहां के रहवासियों की मांग पर पिछले दिनों सड़क की मंजूरी के बाद इसे जल्द से जल्द बनाने को लेकर तमाम प्रोसेस और प्रक्रिया भी शुरू करवा दी है। बताते है अब बेहद जल्द तमाम औपचारिकताओं और प्रक्रिया के बाद निगम मयूर नगर क्षेत्र की इस 20 गलियों को जोड़ने वाली



मुख्य सड़क को भी सीमेंटेड बनाएगा। जबकि अभी हालत यह है कि हर साल बारिश के बाद निगम इस सड़क पर डामर की परत चढ़ाकर गड्ढों को भरने का काम करता है। वहीं अब गड्ढों से मुक्ति के लिए बरसों बाद यहां लगभग 20 फीट से ज्यादा चौड़ी सीमेंट की पक्की सड़क बनाएगा। साथ में दोनों और फुटपाथ भी तैयार होंगे।

### इधर, सांवरियाधाम से मूसाखेड़ी रिंगरोड तक आधी से ज्यादा सड़क तैयार

जबकि इधर, अभी वर्तमान में लगभग 10 करोड़ से ज्यादा लागत से सांवरिया धाम मेन-रोड से मूसाखेड़ी रिंगरोड चौराहा तक की मुख्य सड़क का निर्माण और चौड़ीकरण कार्य जारी है। जिसका फिलहाल आधे से ज्यादा निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, केवल बीच के हिस्से में जगह-जगह बाधक धार्मिक स्थलों की शिफ्टिंग नहीं होने के कारण कुछ हिस्से में काम अधूरा है। जो अब बेहद जल्द रहवासियों के साथ आपसी सहमति से मंदिर शिफ्टिंग प्रक्रिया के बाद पूरा हो जाएगा। जब-कि अभी बड़े हिस्से में 80 फीसदी के लगभग मुख्य सड़क बनकर तैयार है। इसके अलावा मयूर नगर की भीतर की गलियों को मैनरोड से जोड़ने का काम अभी तेजी के साथ चल रहा है। जिसके बाद यहां का सड़क नि-र्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

# सरकार की दीनदयाल रसोई योजना हुई फ्लॉप



## खाना ऐसा कि खा लें तो बीमार पड़ जाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**मप्र शासन की महत्वाकांक्षी दीनदयाल रसोई योजना गरीबों के साथ मजाक बन गई है। 5 रुपए में भरपेट भोजन के नाम पर जली रोटियां, अध कचरे चांवल, रोज़ाना आलू की सब्जी खाने में परोसीं जा रही है। एक मिठाई देनें का भी प्रावधान है लेकिन मिठाई तक नहीं दी जाती है।**



इधर शिकायत करो तो किसे क-रो जो खाना बन रहा है वह कचरे में फेंका जा रहा है क्योंकि गरीब उसे खा ही नहीं रहा है। सरकार का रुपया भी खाने पर बर्बाद हो रहा है।

इधर एम वाय अस्पताल में 10 रुपये में जो खाना दिया जा रहा है वह इतना अच्छा है कि वहां खाना खाने के लिए कतार लगाना पड़ती है और पहले 10 रु का कूपन खरीदना पड़ता है। गरीबों का कह-ना है 5 रुपयो से तो 10 रुपए खर्च करने में ही भलाई है। वैसे अस्पताल परिसर में कई संस्थाएं निःशुल्क खाना भी दे रही हैं यह खाना भी इस 5 रु के खाने से का-फी अच्छा है। अस्पताल परिसर में कुछ संस्थाएं मरीजों के लिए दलिया और खिचड़ी भी लाती है वह भी निःशुल्क दी जाती है। यहां तक की एम वाय के कैंटीन संचालक द्वारा गरीब मरीजों को निःशुल्क दलिया भी दिया जा रहा है। जबकि सरकार 5 रु. के खाने के पर लाखों रुपए खर्च कर रही है जबकि यह रुपया कचरे में ही जा रहा है।

### एमवाय अस्पताल का कैंटीन संचालक गरीब भर्ती मरीजों को दे रहा है मुफ्त में दलिया

जागरूक नागरिकों का कहना है कि इस योजना को बंद करने में ही सरकार के साथ जनता की भलाई है। क्योंकि इस पर जो रुपया खर्च किया जा रहा है वह जनता का ही रुपया है।

# जूनी इंदौर तहसील के बाबू से आमजन परेशान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कलेक्टर आशीष सिंह कर्मचारी से लेकर अधिकारियों तक को व्यवहार में अनुकूलता लाने की बात कई बार बैठकों में कर चुके हैं उन्होंने आते से ही सबसे पहले गुड कम्युनिकेशन स्किल को लेकर सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए थे। इसके बावजूद भी कुछ कर्मचारी आज भी सुधरने को तैयार नहीं है इसी के मद्देनजर अब जल्द ही ऐसे लोगों पर कार्रवाई की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। जूनी इंदौर तहसील का बाबू इन दिनों काफी चर्चाओं में है। हर आने-जाने वाले लोगों से खराब व्यवहार करने के साथ ही वह कई कामों में पैसों की मांग तक करता है। बाबू का पैसे मांगने का अंदाज भी बड़े ही अलग तरीके से होता है। बाबू ने अपने सभी स्टाफ को शक्तिहीन करते हुए हर फाइल को अपने कब्जे में कर रखा है। अपुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाबू फाइलों के एवज में उन्हें कई तरह की बातें बोलते हुए कहता है कि इन फाइल का दूल्हा कौन है, तो वही रोजाना होने वाली पेशियों में आने वाले अधिवक्ता भी इस बाबू से काफी परेशान हो चुके हैं। अब यह पूरा मामला एडीएम जूनी इंदौर घनश्याम धनगर के पास भी पहु-चा है, तो वहीं इसके पूर्व भी बाबू की सैकड़ों शिकायत लंबित है। यदि उच्च अधिकारियों ने उक्त बाबू पर कड़ी कार्रवाई नहीं की तो, वह दिन दूर नहीं जब आमजन भी इस बाबू की वजह से उच्च अधिकारियों को भी गलत समझेंगे।

**आए दिन कोई ना कोई होता है हंगामा, एसडीएम से हुई शिकायत**



# एसडीएम कल्याणी ने विपरीत परिस्थितियों में भी निभाया अपना कर्तव्य

इंदौर। निर्वाचन ड्यूटी से पीछा छुड़ाने के लिए इस बार भी लोकसभा चुनाव में कई महिला और पुरुषों ने अलग-अलग कारण बताकर पीछा छुड़ाना चाहा। ड्यूटी कैंसिल करने के लिए कई बड़े लोगों से भी कलेक्टर कार्यालय के अधिकारियों को फोन तक करवाए। इन्ही सभी बातों से हटकर बिचोली हप्सी एसडीएम कल्याणी पांडे ने अपनी छोटी बच्ची के 10 दिन लगातार बीमार होने के बाद भी अपना कर्तव्य निभाने चली आई। एक तरफ निर्वाचन का पूरा काम और दूसरी तरफ कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर होने वाली कार्रवाइयों को भी उन्होंने सक्रियता से अंजाम दिया। एसडीएम कल्याणी पांडे की छोटी बच्ची पिछले 10 दिनों से फूड पॉइजनिंग के साथ अन्य कई बीमारियों से लगातार ग्रसित चल रही है इसके बावजूद भी एसडीएम अपने कार्य के प्रति ईमानदारी से लगी रही और उन्होंने बिना कोई छुट्टी लिए अपने काम को करती रही। इस तरह की कार्यशाली ने उन लोगों के लिए एक बड़ा संदेश दिया है जो निर्वाचन के कार्य से अपना जी चुराते हैं और तरह-तरह के मेडिकल के बह-ने कर अपना कार्य ईमानदारी से नहीं निभाते हैं। कल्याणी पांडे का कहना है कि उनकी बच्ची को पिछले 10 दिनों से फूड पॉइजनिंग हो गई थी वहीं केयरटेकर द्वारा सही तरीके से ध्यान नहीं रखने पर यह स्थिति बनी। उन्होंने यहां भी कहा कि निर्वाचन का कार्य बेहद संवेदनशील होता है तो वहीं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का पालन करना भी हमारी जिम्मेदारी होती है। इसलिए परिवार के साथ दी हुई जिम्मेदारी को अच्छे से निभाना यही सोच में रहता है।

**निर्वाचन ड्यूटी से बचने वालों के लिए अनोखा संदेश**

# जबलपुर ओवरनाइट की खस्ता हालत, कभी पीछे-कभी आगे लग रहे जनरल डब्बे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



इंदौर-जबलपुर ट्रेन में यात्रियों की फ़जीहत हो रही है। जनरल डब्बे कभी आगे-कभी पीछे लग रहे है। घंटों पहले यात्री सीट के लिए स्टेशन पहुंच रहे है बावजूद इसके आपसी खिंचतान शुरू है। प्लेटफार्म 4 से इंदौर-जबलपुर-सोमनाथ चलने वाली जबलपुर ओवरनाइट ट्रेन से सफर कर रहे यात्री रेलवे की सुविधाओं को कोंस रहे है। प्लेटफार्म पर दो घंटे ट्रेन खड़े होने के बावजूद जनरल यात्रियों को जगह नहीं मिल रही है। कल प्लेटफार्म पर जगह रोकने के लिए कई यात्री ट्रेन के गेट पर लटक खुद की जान जोखिम में डाल सीट रोकने में जुटे थे। बावजूद इसके ट्रेन गेट बंद थे। यात्रियों ने हंगामा मचा दिया।

# एआईसीटीएसएल के जिम्मेदारों पर से भरोसा उठा बस संचालकों का

**लाखों रुपए बकाया है बस संचालकों का इसलिए नहीं मिल रहा अयोध्या का कोई ठेकेदार**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एआईसीटीएसएल के जिम्मेदारों की हठधर्मी कहें या लापरवाही की वजह से बस संचालकों का भरोसा इन जिम्मेदारों से उठ गया है। एक बात यह भी है कि कई संचालकों का लाखों रुपया एआईसीटीएसएल पर बकाया है। इसलिए इंदौर से शुरू होने वाले अयोध्या रूट पर चलाने के लिए इन्हें बस संचालक नहीं मिल रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक इंदौर से अयोध्या रूट पर बस चलाने के लिए दिसंबर से अब तक तीन बार टेंडर जारी किए जा चुके हैं लेकिन एक बार भी किसी भी बस संचालक ने रुचि नहीं दिखाई। जबकि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को काफी समय हो चुका है, लेकिन इंदौर से अयोध्या के लिए अब तक बस सेवा शुरू नहीं हो सकी है।





जानकारी के अनुसार एआईसीटीएसएल ने 12 फरवरी को दूसरी बार टेंडर कॉल किया। इसके बाद 23 फरवरी को तीसरी बार टेंडर कॉल किया, लेकिन तब भी ऑपरेटर्स नहीं आए। इसके बाद एआईसीटीएसएल के अफसरों ने कुछ बस ऑपरेटर्स चर्चा भी की, लेकिन बात नहीं बनी। एआईसीटीएसएल की जो शर्ते हैं वह बस संचालकों को रास नहीं आ रही हैं। शर्तों में यह है कि आपरेटरों को ही वाहन से लेकर सभी तरह के व्यय वहन करने हैं। एआईसीटीएसएल को प्रति सीट के लिहाज से एक तय राशि मिलती है। इन रूट पर वॉल्वो बस चलाई जाना है, जो काफी मह-ंगी आती है। यही कारण है कि ऑपरेटर इन रूट के लिए आगे नहीं आए।

### 'इंदौर से है सिर्फ एक ट्रेन'

अगर यह टेंडर हो जाता है तो इंदौर से प्रतिदिन अयोध्या के लिए दो बसों का संचालन हो जाएगा। इंदौर से सीधी अयोध्या के लिए एक भी बस सेवा नहीं है। इंदौर से अयोध्या के लिए एक ही ट्रेन है, यह भी अयोध्या धाम से 10 किमी पहले ही उतारती है। वहीं चार ट्रेन उज्जैन से हैं।

# इंदौर आरटीओ में बिना सी एफ के नहीं होता है काम

**ऑनलाइन सिस्टम के बाद भी देना भी पड़ता है स्क्रूटनी और ऑथराइज्ड के लिए रुपए**

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर आरटीओ कार्यालय में जनता को बताने के लिए परिवहन विभाग द्वारा ऑनलाइन सिस्टम से कार्य होने के बाद भी हर काम के लिए सी एफ ली जा रही है। बिना सी एफ के कोई भी काम नहीं हो रहे हैं। (सी एफ को आरटीओ की भाषा में कॉन्फिडेंशियल फीस कहते है) यह सी एफ अलग-अलग काम के लिएं ली जाती है।



एजेंट द्वारा संपूर्ण कागज ऑनलाइन करने के बाद भी कार्यालय में बैठे बाबू हो या एवजी कागजातों की स्क्रूटनी और ऑथराइज नहीं करते हैं जब तक रुपया नहीं पहुंच जाता अन्यथा महीनों तक फाइल पेंटिंग पड़ी रहती है। चाहे वह लाइसेंस संबंधित काम हो या वाहन संबंधित सभी काम में स्क्रूटनी और ऑथराइज्ड की प्रक्रिया से गुजरना का पड़ता है।

**मंत्री को भी लगाना पड़ा फोन-** प्राप्त जानकारी के मुताबिक कार्यालय के अधिकारी और बाबू बगैर रिश्वत के मंत्री समर्थक का भी काम करने को तैयार नहीं है, जिसके लिए शहर के एक मंत्री को अपने समर्थक का काम नहीं कराने के लिए आरटीओ को फोन लगाना पड़ा। मंत्रीजी ने पहले विभाग में एक एआरटीओ को फोन लगाकर अपने समर्थक का काम नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की। लेकिन एआरटीओ ने नए साहब के आने के बाद से अपने हाथ से कमान जाने का हवाला दिया और कहा कि अब विभाग का सारा कामकाज साहब ही देख रहे हैं। जिस पर मंत्रीजी ने साहब को फोन घुमाया और अपने अंदाज में समर्थक का काम करने के लिए कहा और नहीं करने पर परिवहन मंत्री से बात करने की बात कही। जिस पर साहब ने मंत्रीजी को समर्थक का काम करने का आश्वासन दे दिया।

# थायराइड में मोटापा ही नहीं इन 5 परेशानियों का भी करना पड़ता है सामना, संकेत दिखने पर कराएं ब्लड टेस्ट -डॉ. राजेश वर्मा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पदस्थ थायराइड और शुगर बीमारी के स्पेशलिस्ट डॉक्टर राजेश वर्मा का कहना है कि थायराइड के लक्षण उसके प्रकार पर निर्भर करते हैं। हाइपोथायरायडिज्म की बात करें, तो इसके लक्षण स्थिति की गंभीरता पर निर्भर करते हैं। इसकी समस्याएं धीरे-धीरे, अक्सर कई वर्षों तक विकसित रहती हैं।**

शुरुआती अवस्था में हाइपोथायरायडिज्म के लक्षण थकान और वजन बढ़ना काफी कम नजर आते हैं। लेकिन जैसे कब्ज़ होना ,थकान रहना, स्किन ड्राई होना जिसकी वजह से इसके संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकते हैं। आइए जानते हैं महिलाओं को थायराइड में शरीर में दिखने वाले संकेत कौन-कौन से हैं?



**1. कब्ज़ की दिक्कत होना–** थायराइड की समस्या होने पर महिलाओं को काफी ज्यादा कब्ज की परेशानी होती है। इस स्थिति में उनका पेट अच्छे से साफ नहीं हो पाता है। अगर आपको अक्सर कब्ज की दिक्कत बनी रहती है, तो ऐसे में एक बार डॉक्टर की मदद लें ताकि स्थिति में सुधार आ सके।

**2. काफी ज्यादा थकान रहना–** थायराइड एक ऐसी स्थिति है, जिसकी वजह से मरीजों को बिना वजह काफी ज्यादा थकान महसूस होती है। अगर आपको थकान और कमजोरी जैसा अनुभव हो रहा है, तो इस स्थिति में आपको एक बार ब्लड टेस्ट कराना चाहिए ताकि आपकी स्थिति में जल्द से जल्द सुधार किया जा सके।

**3. स्किन काफी ड्राई होना–** थायराइड की स्थिति से जूझ रहे मरीजों की स्किन काफी ज्यादा ड्राई हो जाती है। मुख्य रूप से चेहरे पपड़ीदार नजर आते हैं। अगर आपको ऐसे संकेत दिख रहे हैं, तो फौरन अपने हेल्थ एक्सपर्ट की मदद लें। इसके साथ-साथ अपने थायइराड की जांच कराएं।

4. ठंड के प्रति अधिक संवेदनशीलता– हाइपोथायराइडिज्म से ग्रसित मरीजों को काफी ज्यादा ठंड लगती है। वहीं, कुछ ऐसे भी मरीज हैं, जिन्हें जरूरत से अधिक गर्मी महसूस होती है। अगर आपको ऐसे संकेत दिख रहे हैं, तो ऐसी स्थिति में डॉक्टर की मदद लें। इसके साथ-साथ अपना थायराइड टेस्ट कराएं।

**5. वजन काफी तेजी से बढ़ना–** थायराइड की परेशानी से जूझ रहे मरीजों का वजन काफी तेजी से बढ़ता है। हाइपो थायराइड में मरीजों का वजन बढ़ने के साथ-साथ चेहरे पर सूजन की परेशानी होने लगती है। अगर ऐसे संकेत आपको दिख रहे हैं, तो फौरन अपने एक्सपर्ट की मदद लें। इसके अलावा आवाज में कर्कश और मोटे बाल नजर आते हैं।

## पाइल्स एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन का शिविर लगेगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रॉबर्ट्स नर्सिंग होम इंदौर में 1 एवं 2 मई को रोटरी क्लब ऑफ इंदौर के सहयोग से पाइल्स एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु शिविर आयोजित किया जायेगा। इस शिविर में ऑपरेशन रियायती दरों पर होंगे। सर्जन डॉ. अपूर्व चौधरी, डॉ. प्रणव मंडोवरा एवं डॉ. संजय हवलदार द्वारा ऑपरेशन किये जायेंगे। नर्सिंग होम के मानद सचिव डॉ. विजयसेन यशलाहा ने उक्त जानकारी दी।

# हादसे पर ब्रेक के लिए रैलिंग पर किया रेड मार्क वाहन चालकों को अब दूर से आ रहा नजर

### बायपास पर टू व्हीलर से होने वाली दुर्घटनाएं रोकने के लिए आईडीए की कवायद 57 किमी लंबे हिस्से में दोनों तरफ लग रही रैलिंग और सुरक्षा जालियां

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** बायपास पर टू व्हीलर गाड़ियों के चक्कर में आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं और हादसों को रोकने के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए ) द्वारा करोड़ों रुपए खर्चकर बायपास पर 57 किमी से ज्यादा लंबे हिस्से में दोनों तरफ सुरक्षा जालियां और रैलिंग लगाई जा रही है। जिस पर लाल कलर से किए रेड मार्क के कारण अब रात में बायपास से तेज रफ्तार से निकलने वाले वाहन चालकों को सुरक्षा रैलिंग दूर से ही चमकती हुई नजर आ रही है।



**छह माह से चल रहा है कामः रोज 400 मीटर हिस्से में तेजी से हो रहा कार्य-** इधर, प्रोजेक्ट से जुड़े आईडीए अफसरों का कहना है कि करीब छह माह से चल रहें काम में हर दिन 400 मीटर हिस्से में रोज रैलिंग लगाने का कार्य पिछले कई महीनों से चल रहा है। वहीं अब तक 20 से 25 किमी दोनों तरफ के हिस्से में रैलिंग लगाई जा चुकी है। जबकि अब अगले दो से तीन माह में करीब 30 से 35 किमी लंबे हिस्से में और रैलिंग लगाने का काम किया जाना है।

गौरतलब है कि इंदौर शहरी क्षेत्र में स्थित बायपास के मुख्य मार्ग पर एनएचआई द्वारा वाहनों की रफ़्तार पर ब्रेक लगाने और इनसे होने वाले हादसों और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दोनों तरफ रैलिंग लगाई जा रही है। करीब 32 किमी से ज्यादा लंबे बायपास पर रैलिंग लगाने का काम पिछले साल से ही चल रहा है। वहीं बताया जा रहा है कि दोनों तरफ 57 किमी लंबाई में लोहे की रैलिंग लगाई जा रही है। वहीं अब तक 20 से 25 किमी लंबाई में रैलिंग लगाई जा चुकी है। एनएचएआइ ने रैलिंग लगाने के लिए 15 करोड़ रुपये की राशि जारी की थी। जबकि इसका सुपरविजन चार्ज लेकर रैलिंग लगाने का कार्य आईडीए द्वारा किया जा रहा है।

**बायपास के आसपास हो गई सैकडों नई कालोनियों की बसाहट-** दरअसल पिछले कुछ सालों में बायपास के आसपास कई नई कालोनियां विकसित हो चुकी है। इसके अलावा बड़ी संख्या में यहां शापिंग-माल, होटल और मैरिज गार्डन भी बड़ी तादात में खुल चुके हैं। ऐसे में बायपास के सर्विस रोड पर वाहनों का दबाव बढ़ने पर मुख्य सड़क पर भी लोग वाहन लेकर कहीं से भी पहुंच जाते हैं। इससे ही लगातार बायपास पर दुर्घटनाएं हो रही है। जिन्हे रोकने के लिए ही सुरक्षा रैलिंग लगाई जा रही है।

## गन्ने के रस के जूठे गिलास धोने से सड़क पर फिसलन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शिव सेना नेताओं ने गौरी नगर जाने वाले मार्ग शहीद ज्ञानसिंह परिहार प्रतिमा चौराहा पर बड़ा हादसा होने का आरोप सचित्र लगाया और कहा कि इस मामले में निगम के अलावा प्रशासन और पुलिस को भी शिकायत की जाएगी। इस चौराहा पर गन्ने के ज्यूस का व्यवसाय गन्ना ज्यूस सेंटर के रूप में किया जा रहा है। शिव सेना को व्यवसाय से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन जिस तरह से गन्ने के रस के जूठे गिलास धोएं जा रहे हैं और उसका पानी रोड पर फैलाया जा रहा है उससे फिसलन बनी हुई है और वाहन दुर्घटनाग्रस्त भी हो रहे हैं। दो दिन पूर्व भी एक्टिवा सवार परिवार फिसलन की चपेट में आया था। इस मामले में शिव सेना झोनल पर ज्ञापन देने के बाद प्रदर्शन भी करेंगी, वहीं विधायक और पार्षद को भी जानकारी दी जाएगी।

## रामकथा का रसपान कराएंगे उत्तम स्वामी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अग्रवाल संगठन नवलखा से जुड़े अखिलेश गोयल ने बताया कि 20 से 28 मई 9 दिनों तक रामकथा का आयोजन किया जाएगा। कथा के एक दिन पूर्व दुधिया रोशनी में शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। इस बार कथा का रसपान संत उत्तम स्वामी कराएंगे। कथा के एक दिन पहले शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी। गर्मी के कारण यात्रा दुधिया रोशनी में निकलेगी। संयोजक की जिम्मेदारी पार्षद मृदुल अग्रवाल और राजेन्द्र समाधान को दी गई है। गत वर्ष भी कथा के आयोजन किए गए थे। मंगल परिसर आनन्द नगर चितावद में होने वाली कथा की तैयारियां शुरू हो गई है।

## 5 उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल

### नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की आज अंतिम तिथि

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिये नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी है। नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने के छटवें दिन कल 5 उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। कल सुनीलकुमार अहिरवार (निर्दलीय), अयाज अली (निर्दलीय), अक्षय बम (इंडियन नेशनल कांग्रेस), पवन कुमार (अखिल भारतीय परिवार पार्टी) तथा अभय कुमार जैन (निर्दलीय) द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। इन्हें मिलाकर अब तक 15 उम्मीदवार नाम निर्देशन पत्र जमा कर चुके है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि आज 25 अप्रैल है। कलेक्टर कार्यालय में बनाए गए रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। कल निर्देशन पत्रों की जांच होगी और 29 अप्रैल तक नाम वापसी का दिन है।

# मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ के कार्यों का जायजा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक पदमा ने जिला पंचायत में स्थापित मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ के कार्यों का अवलोकन किया। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से निर्वाचन के दौरान इलेक्ट्रानिक, प्रिंट, सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों, समाचारों और पेड न्यूज पर निगरानी रखी जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इंदौर जिले में मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। व्यय प्रेक्षक पदमा ने मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मॉनिटरिंग की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान इलेक्ट्रानिक, प्रिंट, सोशल मीडिया पर प्रसारित किये जाने वाले विज्ञापनों की निगरानी की व्यवस्थाएं भी देखी। उन्होंने इस प्रकोष्ठ के कार्यों की सराहना भी की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी तथा संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. आर.आर. पटेल ने उन्हें प्रकोष्ठ के संबंध में जानकारी दी। निर्वाचन के दौरान विज्ञापनों, समाचारों और पेड न्यूज पर सतत निगरानी रखने के लिये की गई व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान पेड न्यूज संबंधी मामलों, प्रिंट मीडिया में प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल में प्रसारित खबरों की 24 घंटे सतत् मॉनिटरिंग/रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की गई है। न्यूज मॉनिटरिंग, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, मीडिया सर्टिफिकेशन एवं पेड न्यूज के मामलों सहित अन्य सभी कार्यों के लिये अलग-अलग दल गठित कर उनके प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। इस प्रकोष्ठ में जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित विषय विशेषज्ञों की टीम लगायी गई हैं। टीम में देवी अहिल्या विश्व विद्यालय के प्रोफेसरों, विभिन्न विभागों के इंजिनियरों, अन्य अधिकारी-कर्मचारियों, विशेषज्ञों सहित लगभग 80 लोगों की सेवाएं ली जा रही हैं। प्रकोष्ठ की टीमों द्वारा तीन पारियों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की खबरों की सतत् निगरानी की जा रही है। यह कार्य प्रतिदिन तीन पारियों में सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक और रात्रि 10 से अगले दिन सुबह 6 बजे तक निरन्तर किया जा रहा है। समाचार पत्र, पत्रिकाओं में प्रकाशित समाचारों एवं मीडिया रिपोर्ट्स की निगरानी एवं कतरनों के संधारण कार्य के लिए भी अलग टीम सुबह 6 से शाम 6 बजे तक कार्य कर रही हैं।



# मच्छरों के खून चूसने पर मुद्दा उठा तो अब धुआं छूटा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर नगर निगम से लगातार शहर में बढ़ रहे मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने का मुद्दा उठ रहा था, यहां तक कि कांग्रेस ने भी सभी झोन और सभी वार्डों के क्षेत्र में मच्छरों की भरमार का मुद्दा उठाया था। निगम और मलेरिया विभाग के गिनती के कर्मचारियों की ड्यूटी लगने का मामला भी उठाया था, अब जाकर निगम की नींद खुली। कल कई क्षेत्रों में निगम ने दवा मिलाकर मशीन से धुआं छोडने का अभियान चलाया तो लोग बोल उठे कई आवाज उठने और मच्छरों के जमकर खून चूसने के बाद अब यह धुआं मच्छरों को भगाने का छूटा है, कहीं ऐसा तो नहीं कि यह धुआं केवल मतदान के दिन तक ही छूटे और बाद में फिर गायब हो जाए क्योंकि अब लोकसभा चुनाव के लम्बे समय बाद करीब सवा तीन साल बाद निगम चुनाव आएंगे।

## ग़ीत-संगीत का आयोजन होगा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आरजीपी प्योरली म्युाज़िकल ग्रुप द्वारा गीत-संगीत की प्रस्तुति का आयोजन शनिवार 27 अप्रैल को प्रेस क्लब में होगा। यह आयोजन सभी के लिए खुला है।

## हवन, आरती और प्राण प्रतिष्ठा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** तुलसी नगर स्थित अनंतेश्वरधाम में भगवान की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। हवन, महाआरती के आयोजन भी हुए। बड़ी तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कथा के लिए व्यवस्था

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

28 अप्रैल से 4 मई तक कनकेश्वरी मेला ग्राउण्ड पर बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज के द्वारा 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा के लिए व्यवस्था जारी है। अलग-अलग क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था भी की गई है। कुछ मार्गों को प्रतिबंधित भी किया गया है, कुछ मार्गों को परिवर्तित भी किया गया है। वहीं क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा, इसकी भी सूची जारी कर दी गई है।



## आर्बिट मॉल में गणपति बप्पा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विजयनगर क्षेत्र में एबी रोड स्थित ऑर्बिट मॉल में भगवान गणेशजी की मूर्ति की स्थापना की जा रही है। इसी तारतम्य में आर्बिट मॉल सेवा प्रदाता सहकारी संस्था मर्यादित की अगुवाई में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत कल कलश यात्रा के साथ आयोजन का श्रीगणेश हुआ। मातृशक्तियां कलश लेकर चल रही थी। निशा अग्रवाल, सिवन कुट्टी नायर, मनोज गुप्ता, चतरसिंह भाटी सहित अन्य अपनी भूमिका निभाते रहे।

## बिजली बिलों से भी दे रहे मतदान करने का संदेश

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जारी बिजली बिलों पर मतदान का संदेश आकर्षक रूप से दिया जा रहा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार चुनाव का पर्व देश का गर्व लोगो के साथ मतदान करने की अपील की जा रही है। तोमर ने बताया कि 1 अप्रैल से 24 अप्रैल तक कृषि क्षेत्र के आठ लाख एवं गैर कृषि क्षेत्र के करीब 30 लाख बिजली बिलों पर मतदान करने का संदेश प्रसारित किया गया है। यह कार्य मई पहले सप्ताह तक जारी होने वाले बिलों तक चलेगा। प्रबंध निदेशक तोमर ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी ने कार्टून के माध्यम से भी मतदान करने की अपील का प्रभावी संदेश तैयार किया है।

## औद्योगिक क्षेत्र की अपराधिक घटनाओं पर ज्ञापन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



एसोसिएशन ऑफ इंडस्टीज मध्यप्रदेश के पदधिकारियों ने भंवरकुआं थाना पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन दिया और बताया कि पालदा औद्योगिक क्षेत्र में अपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। यह भी बताया कि पालदा औद्योगिक क्षेत्र, नेमावर रोड के तीन इमली चौराहा/ब्रिज से लेकर देवगुराडिया के बायपास ब्रिज के मध्य में असामाजिक व आपराधिक तत्वों द्वारा आये दिन अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है इससे क्षेत्र में भय एवं असुरक्षा का वातावरण निर्मित हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी के अनुपस्थिति में ज्ञापन सब इंसपेक्टर आनंद राय को दिया।

## 14 योग केन्द्रों पर मिट्टी के सकोरे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केन्द्र द्वारा शहर में चलाए जा रहे 14 योग केन्द्रों पर इस ग्रीष्म काल में मूक परिंदों के लिए मिट्टी के सकोरे बांटने के अभियान का श्रीगणेश ईश कृपा गार्डन से किया गया। अन्नपूर्णा योग केन्द्र की स्थापना को एक वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है, वहीं बहुत जल्द एक नया केन्द्र देव गुराड़िया स्थित अखंड परम विहार कालोनी पर प्रारंभ होने वाला है। पक्षियों के लिए सोकेरे बांटने का अभियान पूरे एक सप्ताह तक चलेगा। शहर में वर्तमान में 14 योग केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल की प्रेरणा से अब यह निर्णय लिया गया है कि योग केन्द्रों के माध्यम से मूक परिंदों की सेवा के लिए ग्रीष्म काल में दाना-पानी रखने हेतु सकोरों का निःशुल्क वितरण किया जाए। किशोर गोयल, राजेश बंसल ने उक्त जानकारी दी।

## छावनी मंडी में योग जागरूकता के परिपत्रों का वितरण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3233 जी-1 के योग जागरूकता अभियान के चेयरपर्सन लायंस संतोष गोयल ने 'योग के साथ उचित भोजन ही उत्तम स्वास्थ्य की कुंजी' परिपत्रों का वितरण इंदौर छावनी अनाज मंडी में व्यापारियों, दलालों और किसानों को वितरित किए गए। इस अवसर पर लायन संतोष गोयल ने कहा कि योग के साथ हम अपने खानपान में फल और सलाद की उचित मात्रा रखें। वहीं व्यक्ति को अपने वजन का 1 प्रतिशत फल और सलाद खाना चाहिए व खाना भूख से 40 प्रतिशत कम खाना चाहिए। योग जागरूकता के परिपत्र शहर के नागरिकों के घरों और लायंस के सभी क्लबों में भी वितरित होंगे। साथ ही योग जागरूकता के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से भी सभी ग्रुपों में भी भेजें जाएंगे। इस अवसर पर मनोज काला, हीरालाल आगीवाल, गौतम जैन, हरिओम अग्रवाल, सौरभ गोयल, प्रकाश वोहरा, गोपाल दास अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल , नारायण अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, पंकज अग्रवाल, विजय काला, देवेंद्र गोयल, विजय चौहान, अशोक मित्तल मौजूद थे।

# न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 2 जून से ही...

### अभिभाषक संघ ने साधारण सभा बुलाकर प्रस्ताव भी पारित कर जबलपुर भेजा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर बार और बेंच के बीच एक बार फिर तकरार की स्थिति निर्मित हो गई है। न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 2 जून से शुरू होकर 30 जून तक रहेगा। हाई कोर्ट जबलपुर से इसके आदेश जारी भी हो गए हैं। इधर अधिवक्ता मांग कर रहे हैं कि न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश पहले की तरह 13 मई से 15 जून तक रखा जाए। सभा बुलाकर सर्वानुमति से इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित कर जबलपुर भेज दिया है। हालांकि इस पर अब तक कोई निर्णय नहीं आया है। ऐसी स्थिति में माना जा रहा है कि फिलहाल तो न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 2 जून से ही शुरू होगा। गौरतलब है कि न्यायालयों में वर्षों पुरानी परंपरा के मुताबिक 13 मई के आसपास एक माह के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश रहता था। इस दौरान आपराधिक प्रकरणों के अलावा सिर्फ अर्जेन्ट मामले ही सुने जाते थे। सिविल मामलों की नियमित सुनवाई पूरी तरह से बंद रहती है। हालांकि आपराधिक प्रकरण भी इक्का-दुक्का ही सुनवाई के लिए लगते थे।

### हाई और जिला कोर्ट में 2 से 30 जून तक अवकाश

हाई कोर्ट ने इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक रूप से बदलाव किया है। हाई कोर्ट में 2 जून से 30 जून तक और जिला न्यायालयों में पहले की तरह 13 मई से 15 जून तक अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन अधिवक्ताओं ने मांग की कि दोनों न्यायालयों में एक जैसा अवकाश घोषित किया जाए, क्योंकि अलग-अलग अवकाश की तिथियां होने से अधिवक्ता अवकाश का आनंद ही नहीं ले पाएंगे। इस पर हाई कोर्ट ने जिला न्यायालय में अवकाश की तिथि में बदलाव करते हुए इसे भी 2 जून से 30 जून कर दिया।

### महीने में बदलाव चाहते है अधिवक्तागण

इधर, अधिवक्ताओं का कहना है कि सर्वाधिक गर्मी तो मई माह में रहती है इसलिए ग्रीष्मकालीन अवकाश भी मई में ही रहना चाहिए। जून में वषार्काल शुरू हो जाता है और बच्चों के स्कूल भी खुलने लगते हैं। ऐसे में अधिवक्ता चाहकर भी ग्रीष्मकालीन अवकाश में परिवार के साथ घूमने नहीं जा सकते। अधिवक्ताओं की मांग है कि अवकाश की तारीखों में बदलाव किया जाए और इसे पहले की तरह मई के दूसरे और जून के पहले पखवाड़े में रखा जाए। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय जबलपुर से ही हो सकेगा।

# रेलवे कमाई के चक्कर में 60 साल के बुजुर्गों को भी नहीं मान रहा सीनियर सिटीजन

## 3 साल पहले कोविड के बाद से सभी यात्रियों को देना पड़ रहा यात्रा में पूरा किराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रेलवे द्वारा साल 2020 में कोरोना काल के बाद से लंबे समय से सीनियर सिटीजन को यात्रा के दौरान किराए में मिलने वाली सभी तरह की छूट बंद कर रखी है। जिससे 60 साल की उम्र



**2020 के बाद से सीनियर सिटीजन को किराए में रेलवे ने कर दी रियायत देना बंद**

के सभी बुजुर्गों को लंबे समय से रेलवे यात्रा के दौरान पूरा किराया चुकाना पड़ रहा है।

दरसअल कोविड 19 महामारी के बाद से जबसे दोबारा रेलवे सेवा बहाल हुई है तब से रेलवे द्वारा 60 साल और इससे ज्यादा उम्र के सभी सीनियर सिटीजन को यात्री किराए में मिलने वाली छूट (रियायत ) देना पूरी तरह से बंद कर दिया है। जो दो साल पहले साल 2022 में कोरोना महामारी की देश दुनिया से पूरी तरह से विदाई होने और पिछले दो ढाई साल से पूरी तरह से दुनिया भर में पहले की तरह स्थिति सामान्य हो जाने के बावजूद अभी तक दोबारा सीनियर सिटीजन को यात्रा के दौरान किराए में मिलने वाली छूट नहीं दी जा रही है। जबकि पहले देशभर के सभी 60 साल की उम्र और इससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे द्वारा सभी तरह के यात्री किराए में छूट मिलती थी, जो पिछले दो-ढाई सालों से बंद है। जिससे रोज सैकडों यात्रियों को रियायत नहीं मिलने से रेल यात्रा के दौरान पूरा किराया चुकाना पड़ रहा है।

### पिछले चार साल में कई बार रेलवे से मिल चुका है आश्वासन

गौरतलब है कि कोविड 19 की विदाई के बाद से जब से रेलवे सेवा दोबारा बहाल की गई है तब से कहा जा रहा कि जैसे ही रेलवे की वितीय स्थिति अच्छी होगी रेलवे द्वारा दोबारा वरिष्ठ नागरिकों को यात्री किराए में मिलने वाली छूट की सुविधा को फिर से बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन अब हालत यह है कि चार साल बाद भी ऐसा नहीं हो पाया।

### लॉक डाउन के समय पहली बार 22 मार्च को देशभर में थम गए थे ट्रेन के पहिए

गौरतलब है कि चार साल पहले साल 2020 को मार्च माह में देशभर में कोविड 19 कोरोना महामारी के दौरान रेलवे ने सभी ट्रेनें चलाना बंद कर दी थी। जो जहां थी वो वहीं रुक गई थी। फिर करीब 100 दिन बाद जब रेलवे ने दोबारा रेलवे सेवा बहाल की उसके बाद से रेलवे द्वारा सीनियर सिटीजन को यात्री किराए में मिलने वाली छूट रियायत को देना बंद कर रखा है। लोगों का कहना है कि रेलवे कम से कम स्लीपर और थर्ड एसी किराए में तो छूट देना शुरू कर दें ताकि मध्यमवर्गीय परिवार के जरूरतमंद सीनियर सिटीजन बुजुर्गों को यात्रा के दौरान किराए में छूट मिलने से राहत मिल सकें।

# बंगाली चौराहा : दो साल पहले ब्रिज बनने के बावजूद नहीं मिल रही जाम से राहत

## सर्विस रोड़ पर दिनभर जाम के बावजूद नहीं हो रहे लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बंगाली चौराहा पर दो-ढाई साल पहले ब्रिज बनने के बाद भी अभी तक सर्विस रोड़ पर लोगों को जाम से राहत नहीं मिल रही है। हालत यह है कि आए दिन लगने वाले भारी जाम और भीड़-भाड़ के बावजूद निगम द्वारा अभी तक कनाड़िया से बंगाली चौराहा के लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण का काम नहीं हो रहा है। जबकि इसके लिए यातायात विभाग और निगम द्वारा लंबे समय से इसको लेकर प्लानिंग की जा रही है। लेकिन बावजूद इसके कागज़ों से बाहर नहीं आ रही है। फिर भी यहां से एक भी बाधक निर्माण और आधा दर्जन गुमटियां अभी तक नहीं हटी। यही नहीं बताया जा रहा है कि इसके अलावा दूसरे साइड एक शौचालय भी चौड़ीकरण में बाधा बन रहा है। जिसे भी हटाने की तैयारी थी, फिर भी हटाया नहीं जा रहा है। इधर आसपास के रहवासियों का कहना है कि ब्रिज बनने के इतने समय बाद भी अभी तक जाम से राहत के लिए चौडीकरण का काम शुरू नहीं हो रहा है, और न अभी तक एक भी बाधक गुमटियां हटी और न सर्विस रोड़ पर चौड़ीकरण को लेकर कोई हलचल नजर आ



रही है। जबकि यहां ब्रिज बनने के साढ़े तीन साल बाद भी हर दिन सुबह से लेकर शाम तक सर्विस रोड़ पर आए दिन जाम जैसे हालत बन रहें है। फिर भी जिम्मेदार इस मामलें में अनदेखी कर रहें है।

### कुछ गुमटियां और दुकानें बन रही लेफ्ट टर्न में बाधा

पूर्वी रिंगरोड पर ब्रिज बनने के बावजूद जाम वाले बंगाली चौराहे पर लंबे समय से कनाड़िया-पीपल्याहाना रोड़ चौड़ीकरण में बाधक बन रही आधा दर्जन से ज्यादा गुमटियां व कुछ दुकानों के साथ सार्वजनिक शौचालय के साथ कुछ मकानों का हिस्सा भी बाधक बन रहा है। जबकि यहां के लेफ्ट-राइट टर्न चौड़ीकरण का काम कई महीनों पहले से किया जाना प्रस्तावित है।

**कनाडिया रोड़ से पिपलियाह-ाना टर्न पर बाधक है आधा दर्जन से ज्यादा गुमटियां और कुछ दुकानें**

### कब्जों के कारण नहीं दिखती सड़क, दिनभर लगता है जाम

इधर, अभी हालत यह है कि बंगाली चौराहे से पिपलियाहाना ब्रिज की ओर जाने वाले रास्तें पर मुख्य रूप से लंबे समय से बाधक कुछ गुमटियां है और दूसरी ओर एक सार्वजनिक शौचालय है जिसके कारण यहां सड़क नजर ही नहीं आती। इसलिए यहां के ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए यातायात विभाग ने लंबे समय पहले प्लानिंग बनाई थी। जिसके तहत बाधक निर्माण हटतें ही यहां के लेफ्ट - राइट टर्न पहले से दुगने चौड़ें हो जाएंगे। वहीं इसके बाद यहां आए दिन सुबह - शाम के समय लगने वाले जाम से भी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। हालांकि बंगाली ब्रीज शुरू होने से अब सर्विस रोड़ से ट्रैफिक का दबाव पहले से कम हो गया है। फिर भी कनाड़िया-तिलकनगर की ओर से आने वाले वाहनों का ज्यादा दबाव रहता है।

# पीएम जनधन योजना खातों की तरह नेशनल बैंक भी दे रहा ग्राहकों को ‘जीरो बैलेंस खाता’ की सौगात

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने की अपने हजारों कस्टमरों के लिए ‘लाइट सेविंग अकाउंट’ की शुरुआत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना की तरह अपने हजारों ग्राहकों के लिए अब जीरो बैलेंस वाले लाइट सेविंग अकाउंट की शुरुआत की है। जिसका लाभ मध्यमवर्गीय जरूरतमंद ग्राहकों को मिल रहा है। जिसके लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने पिछले दिनों ही बॉब लाइट सेविंग अकाउंट लॉन्च किया है। इस अकाउंट में ग्राहकों को डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड में कई तरह के ऑफर भी मिल रहें हैं। दरसअल बैंक ऑफ बड़ौदा में अब कोई भी पीएम जनधन योजना की तरह आसानी से जीरो बेलेंस खाता खुलवा सकता है। हालांकि इसके लिए नियम और शर्ते भी लागू है।

### इधर अब न्यूनतम बैलेंस राशि बनाए रखने की झंझट से भी मिलेगी मुक्ति

यह एक जीरो बैलेंस सेविंग अकाउंट है। इसका मतलब है कि इस अकाउंट में ग्राहकों को न्यूनतम राशि को बनाए रखने की परेशानी से मुक्ति मिल जाती है। इसके अलावा यह ग्राहकों को अच्छा बैंकिंग अनुभव देने में भी मदद करेगा।

### बॉब लाइट जीरो सेविंग अकाउंट के फीचर

इसमें ग्राहक को रुपे प्लेटिनम डेबिट




कार्ड के साथ क्रेडिट कार्ड मिलता है। इसके अलावा सेविंग अकाउंट में कई ऑफर दिया जा रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों को ऑफर देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स,भोजन, फैशन, मनोरंजन, जीवन शैली, किराना और हेल्थ जैसे कई और ब्रांड के साथ समझौता किया है। इस समझौते के बाद बैंक द्वारा ग्राहकों को कई ऑफर और डिस्काउंट दिया जाता है। साथ ही आपको बता दें कि बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहक आराम से इंदौर शहर में किसी भी बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच में नया खाता खुलवाकर इसके साथ रिलायंस डिजिटल, क्रोमा, मेकमाईट्रिप, अमेज़ॅन, बुकमायशो, मिंत्रा, स्विगी, ज़ोमैटो और अन्य ब्रांड का लाभ भी उठा सकते हैं।

### बॉब लाइट सेविंग अकाउंट की विशेषता

यह जीरो बैलेंस सेविंग अकाउंट है।

10 वर्ष से ज्यादा उम्र वाले व्यक्ति यह अकाउंट ओपन कर सकते हैं।

इसमें ग्राहक को लाइफटाइम फ्री रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड दिया जाता है।

इसके अलावा ग्राहक को निःशुल्क क्रेडिट कार्ड भी दिया जाता है।

बैंक ऑफ बड़ौदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर कई तरह की छूट और ऑफर दिये जाते हैं।ग्राहक को चेकबुक और पासबुक का लाभ भी दिया जा रहा है।

# करोड़ों का व्यापार करने वाले औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारी सड़क के लिए हो रहे परेशान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पालदा औद्योगिक क्षेत्र में करोड़ों का व्यापार करने वाले लाखों रुपए टैक्स चुकाने वाले सैकडों व्यापारी लंबे समय से सड़क, बिजली कटौती जैसी समस्या से परेशान हो रहें है। इसके बाद भी इतने सालों से इनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हालत यह है कि पालदा औद्योगिक क्षेत्र की कई गलियों में लंबे समय से सड़कें मंजूर होने के बावजूद आज तक नहीं बनी। जिससे यहां हर साल बारिश के दिनों में तो गाडियां कीचड़ और गड्ढों में फंसने से परेशानी होती है। बल्कि आम दिनों में भी गड्ढों और ऊबड़ खाबड़ सड़क के कारण लोडिंग रिक्शा और ट्रक फंसने से यहां गलियों में जाम लगना आम बात हो गई है। जिसके कारण यहां के हजारों व्यापारियों का व्यापार इतने सालों से प्रभावित हो रहा है। हालत यह है कि सैकड़ों बार शिकायत करने के बावजूद भी इनकी कहीं कोई सरकारी विभाग में सुनवाई नहीं हो रही है।

**कई गलियों में लंबे समय से नहीं बनी सड़क, हर साल बारिश में हो जाते है हॉल-बेहाल**

**शिकायत के बावजूद नहीं हो रही इनकी कोई सुनवाई**

**आए दिन मॉल भरा लोडिंग रिक्शा पलटने से व्यापारियों का हो रहा नुकसान-** इधर बड़ी बात यह है कि आए दिन पालदा औद्योगिक क्षेत्र की गलियों में ऊबड़-खाबड़ सड़कों पर माल भरे लोडिंग रिक्शा और अन्य गाडियां पलटने से व्यापारियों का भारी नुकसान हो रहा है। फिर भी कोई जिम्मेदार इनकी इस समस्या का समाधान करने को तैयार नहीं। सड़कों की इतनी बुरी हालत के बाद भी निगम के जिम्मेदार अफसर यहां कभी देखने नहीं आते। जबकि यहां के व्यापारियों का कहना है कि मंगल उद्योग नगर, आरडी उद्योग नगर, प्रभु तौल कांटा वाली गली के भीतर और मुख्य सड़क, प्राथना तौल कांटा वाली गली की सड़क की लंबे समय से हालत खराब है फिर भी कोई ध्यान नहीं दें रहा है। जबकि उद्योगपतियों और व्यापारियों के बुलावे पर महापौर से लेकर पार्षद और कई बार अधिकारी भी आ चुके है यहां तक की महापौर के दौरे और अफसरों को निर्देशित करने के बाद भी सालभर में भी यहां के हालात नहीं बदलें। इधर ऐसा ही रहा है तो फिर अगले दो-तीन माह में बारिश शुरू होने वाली है। अभी जरा सी बूंदा बांदी में सड़क की हालत कीचड़ से इतनी खराब हो गई तो बारिश में क्या हाल होगा।

## संपादकीय

### स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की तमाम कोशिशों के बावजूद इलाज आम लोगों की पहुंच से दूर

जेनेरिक दवाओं की अनिवार्यता और जनऔषधि केंद्र खुलने के बाद भी अनेक दवाओं की कीमतें बहुत सारे लोगों की क्षमता से बाहर हैं। इसे लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे रेखांकित करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आइएमए को फटकार लगाई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर, विस्तृत और व्यावहारिक बनाने की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद हकीकत यही है कि बहुत सारे लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पाता है। सामान्य बीमारियों में भी चिकित्सक इतनी तरह की जांच और दवाएं लिख देते हैं कि उसका खर्च उठाना सामान्य लोगों के लिए कठिन होता है।जेनेरिक दवाओं की अनिवार्यता और जनऔषधि केंद्र खुलने के बाद भी अनेक दवाओं की कीमतें बहुत सारे लोगों की क्षमता से बाहर हैं। इसे लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे रेखांकित करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आइएमए को फटकार लगाई है। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आइएमए से मरीजों को दी जाने वाली महंगी और गैरजरूरी दवाओं तथा अनैतिक कृत्यों पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। दरअसल, आइएमए ने ही पतंजलि के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन देने पर मुकदमा दायर किया था। सर्वोच्च न्यायालय की फटकार को आइएमए कितनी गंभीरता से लेगा, कहना मुश्किल है। दरअसल, हमारे यहां चिकित्सा व्यवस्था में मनमानी की परत-दर-परत चढ़ती गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लचर होने की वजह से निजी चिकित्सा व्यवस्था लगातार मजबूत होती गई और अब वह एक प्रकार के बड़े दबाव समूह के रूप में काम करने लगी है। उसमें दवा बनाने और जांच करने वाली कंपनियों का भी गठजोड़ है। आइएमए से अपेक्षा की जाती है कि वह चिकित्सा जगत में चल रही अनियमितताओं पर नजर रखे और उन्हें दूर करने का प्रयास करे, मगर वह खुद इनके लिए एक प्रकार का सुरक्षा कवच तैयार करता नजर आता है। नहीं तो, क्या वजह है कि अनावश्यक दवाएं, जांच लिखी और बेवजह मरीजों को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रखा जाए। अनेक निजी अस्पतालों में इलाज पर आए खर्च को लेकर सवाल उठते रहे हैं। आखिर चिकित्सा व्यवस्था को इतनी महंगी और आम जन की पहुंच से दूर क्यों होना चाहिए। अगर सचमुच आइएमए को लोगों की सेहत और सही चिकित्सा की परवाह है, तो उसे आम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे इलाज की चिंता क्यों नहीं होनी चाहिए।

## नई मूंग आने से तेजी थमी, डंकी चने में उठाव

**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि ) छावनी नीलामी मंडी में इस प्रकार रहे -** चना आवक करीब 3000 बोरी। नीलामी 5800 - 6000 रुपए। चना मिल डिलेवरी 6000 - 6200 रुपए। डॉलर चना की आवक लगभग 6000 बोरी। नीलामी 10000 - 10500 रुपए। **छावनी व्यापारिक मंडी - ( रुपए क्विंटल )** चना कांटा 6150 - 6100 विशाल चना 5850 - 6000 डंकी चना 5500 - 5650 मसूर 5975 - 6000 मूंग एवरेज 7000 - 8000 मूंग गर्मी का 8700 - 8900 उड़द बेस्ट - 8800 - 9200 एवरेज मीडियम उड़द 7000 - 8000 तुअर निमाड़ी 9800 - 11200 रुपए। **तिलहन -** सोयाबीन 4640 - 4650 सरसों निमाड़ी बारीक 5500 - 5600 एवरेज बारीक 5000 - 5400 रायडा 4600 - 4700 रुपए क्विंटल। **दाल भाव ( प्रति क्विंटल ) -** तुअर दाल फूल 16300 - 16400 तुअर दाल सवा नंबर 15800 - 15900 चना दाल 7500 - 8000 एक्स्ट्रा बोल्ड 8500 मसूर दाल 7550 - 7600 मूंग दाल 10300 - 10400 मूंग मोगर 10600 - 10700 उड़द दाल 13600 - 13800 उड़द मोगर 14000 - 14500 रुपए। **चावल भाव ( प्रति क्विंटल ) -** कोहिनूर बासमती वंड 14500 - 14600 तिबार 12100 - 12200 मिनी दुबार बासमती (921)10100 - 10300 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6600 - 9200 रुपए। **सियागंज थोक किराना बाजार -** सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 590 - 700 काजू टुकड़ी 550 - 560 बादाम (देसी - आयातित) 650 - 775 किशमिश कंधारी 525 - 550 बेस्ट 560 - 670 रुपए किलो। **तेल बाजार ( प्रति 10 किलो ) -** मूंगफली तेल इंदौर 1500 - 1520 मुबंई 1508 - 1510 गुजरात 1465 - 1475 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 945 - 950 सोया सॉल्वेंट 895 - 900 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 933 - 935 सोया डीगम (बिना टैक्स) 855 - 857 इंदौर पाम ऑइल 990 - 995 मुंबई पाम ऑइल 933 - 935 गुजरात कपास्या तेल 930 - 940 रुपए। राजकोट तेलिया मूगंफली तेल 2350 - 2360 रुपए प्रति 15 किलो पैक। **मावा -** 360 रुपए किलो। **शेयर बाजार - बीएसई -** 73,810 (-45) **एनएसई -**22,386 (-19) **इंदौर सराफा बाजार - सोना** 10 ग्राम 73200 रुपए। **चांदी** 80000 रुपए किलो। **चांदी सिक्का** 900 रुपये प्रति नग। **सोना** 2313 डॉलर प्रति औंस। **चांदी** 2707 सेंट प्रति औंस।

# मलेरिया होने पर जल्दी रिकवरी के लिए क्या खिलाएं और क्या नहीं

*गर्मी आते ही मच्छरों का आतंक बढ़ जाता है। मच्छरों के वजह से मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां होने का खतरा ज्यादा रहता है। इन सबमें मलेरिया सबसे कॉमन होता है। वैसे तो गर्मी आते ही लोग मच्छरों से बचने के लिए कई तरह के इंतजाम करते हैं लेकिन कई बार हल्की चूक सेहत पर भारी पड़ जाती है। ऐसे में अगर किसी को मलेरिया हो जाता है तो डॉक्टर की सलाह से इलाज़ करवाना चाहिए। ज्यादा गंभीर होने पर कई मलेरिया के मामलों में व्यक्ति की जान भी चली जाती है। मलेरिया से जल्द ठीक होने के लिए दवाईयों के अलावा खानपान का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी होता है। बीमारी कोई भी हो सही खान-पान हर मर्ज को ठीक होने में मदद करता है। आइए जानते हैं कि मलेरिया में जल्दी रिकवरी के लिए क्या खाना चाहिए और क्या नहीं।*

## मलेरिया के लक्षण

- बुखार
- ठंड लगना
- सिरदर्द
- उल्टी
- डायरिया
- पेट में दर्द
- मांसपेशियों में दर्द
- थकान
- तेज सांसे चलना
- हार्ट रेट का बढ़ना
- कफ

## क्या खाएं

■ मलेरिया में मरीज चाय, कॉफी व दूध पी सकते हैं, ये मलेरिया में आराम दिलाता है।

■ गुनगुना पानी पीएं।

■ दूध में तुलसी के पत्तें, दालचीनी, काली मिर्च, अदरक डालकर पीने से जल्दी रिकवरी होती है।

■ मलेरिया मरीज को सेब खिलाना सेहतमंद होता है।



■ मलेरिया होने पर हमेशा हल्का खाना खाना चाहिए, खिचड़ी, दाल का पानी, दलिया जैसी हल्की चीजें खाएं। ये आसानी से पच जाती हैं।

■ नीबू पर सेंधा नमक चूसने से भी फायदा होता है।

■ तुलसी के पत्ते व काली मिर्च को पानी में उबालकर काढ़ा बनाएं फिर इसका सेवन करें।

■ नारियल पानी पीने से भी मरीज में तबीयत ठीक रहती है।

■ मलेरिया में अमरूद खाना भी सेहतमंद होता है, इसमें मौजूद विटामिन सी मलेरिया में इम्यूनिटी बढ़ाता है।

■ मलेरिया में पीपल का चूर्ण बनाकर शहद के साथ मलिकार सेवन करने से आराम पहुंचता है।

## क्या न खाएं

■ मलेरिया से जल्द ठीक होने के लिए ठंडा पानी पीने से परहेज करें और ना ही ठंडे पानी से नहाएं।

■ मलेरिया होने पर लीची, आम, अनार, अनन्नास, संतरा जैसे फल को खाना अवॉयड करें।

■ ठंडे पदार्थ खाने से बचें।

■ एसी में रहने से बचें।

■ मलेरिया में ठंडी चीज़ें जैसे दही, शिकंजी, गाजर, मूली न खाएं।

■ मलेरिया में मिर्च-मसाले वाला खाना खाने से बचें।

## बचाव के तरीके

■ रात को सोते हुए मच्छरदानी का उपयोग करें ।

■ मच्छरों से बचने के लिए पंखे की स्पीड तेज करके ही सोएं।

■ सोते समय हल्के रंग के कपड़े पहनने से भी मच्छर नहीं काटते हैं।

■ गर्मी के दिनों मे खिड़कियों और दरवाजों पर भारी पर्दे लगाएं।

■ मच्छर गंदे पानी में पनपते हैं। मच्छरों को पानी में या उसके पास अंडे देने से रोकने के लिए साफ-सफाई पर ध्यान दें।

# मैंगो स्टफ्ड मलाई कुल्फी

**सामग्री –** ■ 2 कप पूर्ण फुल फैट मिल्क ■ 1/2 कप कंडेंस्ड मिल्क ■ 1/4 कप चीनी ■ 1 बड़ा चम्मच कॉर्नफ्लोर ■ 1/4 चम्मच इलायची पाउडर ■ 1/4 कप कटे हुए मेवे (बादाम, पिस्ता या काजू) ■ 1/2 कप आम की प्यूरी ■ 1 बड़ा चम्मच चीनी

**बनाने की विधि-** ■ सबसे पहले हम मलाई कुल्फी का मिश्रण तैयार करेंगे। इसके लिए आप एक भारी तले वाला पैन लें और उसमें दूध डालें।



■ आप मध्यम आंच पर बीच-बीच में हिलाते हुए उबाल लें।

■ एक बार जब यह उबल जाए तो आंच धीमी कर दें और इसे उबलने दें। ध्यान दें कि इसे लगातार चलाते रहें, ताकि यह तली में चिपके नहीं।

■ आप इसे तब तक पकाएं जब तक कि दूध आधा न रह जाए और यह क्रीमी न हो जाए।

■ अब इस दूध में कंडेंस्ड मिल्क और चीनी डालकर अच्छी तरह मिक्स कर दें।

■ अब आप एक छोटी कटोरी में कॉर्नफ्लोर और एक चम्मच ठंडा दूध डालकर मिक्स करें।

■ अब कॉर्नफ्लोर के मिश्रण को दूध में मिक्स करें और इन्हें लगातार चलाते रहें, जिससे दूध में किसी तरह की गांठ ना पड़े।

■ अब तैयार मिश्रण में इलायची पाउडर और कटे हुए मेवे डालकर एक बार फिर से मिक्स करें।

■ अब मिश्रण को आंच से उतार लें और उसे ठंडा होने दें।

■ जब तक मिश्रण ठंडा हो रहा है, तब तक हम आम की स्टफिंग तैयार करेंगे।

■ इसके लिए एक बाउल में आम की प्यूरी को चीनी को मिक्स करें।

■ आप कुल्फी व स्टफिंग में मीठा अपने टेस्ट के अनुसार एडजस्ट कर सकते हैं।

■ अब कुल्फी के सांचे लें। अगर सांचे ना हो तो आप छोटे सर्विंग गिलास का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

■ अब उन्हें मलाई कुल्फी के मिश्रण से आधा भरें।

■ अब हर सांचे या गिलास में कुल्फी मिश्रण के ऊपर आम की प्यूरी की एक लेयर डालें।

■ फिर इसके बाद दोबारा मलाई कुल्फी का मिश्रण डालें।

■ अब आप कुल्फी मोल्ड या गिलास में एक पॉप्सिकल स्टिक डालें।

■ अब मोल्ड को एल्युमिनियम फॉयल या प्लास्टिक रैप से ढकें और फ्रीजर में रखें।

■ कुल्फी के पूरी तरह सेट होने तक कम से कम 6-8 घंटे या रात भर के लिए फ्रीज में रखें।

■ अब कुल्फी के सांचों को फ्रीजर से निकाल लें।

■ कुल्फी को निकालने के लिए सांचे के निचले हिस्से को गर्म पानी के नीचे धीरे से चलाएं।

■ कुल्फी को सावधानी से सांचे से बाहर निकालें और तुरंत सर्व करें।

■ अब आप पूरे परिवार के साथ इस मैंगो स्टफ्ड मलाई कुल्फी का आनंद लें।



# केक में सैकरीन की मिलावट कितना खतरनाक हैं

## सैकरीन क्या है

सैकरीन एक सिंथेटिक स्वीटनर है। जिसका इस्तेमाल बाजार में मलिने वाले केक, पेस्ट्री, जूस जैसे खाने पीने वाली चीजों में मठिास बढ़ाने के लिए थोड़ी मात्रा में कयिा जाता है। लेकनि इसकी मात्रा ज्यादा होने से व्यक्ति के खून में ग्लूकोज का स्तर अचानक से बढ़ सकता है।सैकरीन, सुक्रोज (टेबल शुगर) से लगभग 300 से 400 गुना अधिक मीठा होता है, लेकिन जीरो कैलोरी होने की वजह से अलग-अलग खाने पीने की चीजों में इसका इस्तेमाल होता है। डाइट सोडा, टेबलटॉप स्वीटनर और मार्केट में बिकने वाले जीरो कैलोरी और शुगर फ्री फूड आइटम्स में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है।

## साइड इफेक्ट्स

- हाई अमाउंट में सैकरीन का सेवन करने से ब्लैडर कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

- ज्यादा सैकरीन सिरदर्द, एंजाइटी, डिप्रेशन और पेट में तकलीफ जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है।

- सैकरीन के रोजाना इस्तेमाल से दिल की बीमारी, हाई ब्लडप्रेशर और शुगर जैसी बीमारियां हो सकती है।

- शुगर फ्री पेट और लिवर दोनों पर बुरा असर डालता है

- सैकरीन आपका मेटाबॉलिजम भी प्रभावित करता है।

- सैकरीन चीनी से भी कई गुना ज्यादा मीठी होती है। इसके सेवन से मोटापा तेजी से बढ़ता है।

# हितार्थ, अरनव, वैदेही, सोनिया सेमीफाइनल में पहुंचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

ऑल इंडिया टेनिस संघ के तत्वाधान में मध्य प्रदेश टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही क्वींस कॉलेज ऑल इंडिया टेलेन्ट सीरीज सबजूनियर टेनिस टू नामेंट में मध्य प्रदेश के हितार्थ सुराना, अरनव खंडेलवाल, वैदेही शुक्ला, सोनिया दत्ता ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर बालक एवं बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

**बालक वर्ग-14 वर्ष आयु** के एकल क्वार्टरफाइनल हितार्थ सुराना (म.प्र.) ने अद्धवेत गुंड (महा.) को 6-3, 6-1 से, अरनव खंडेलवाल (म.प्र.) ने ऋषिव रावालह (महा.) को 6-2, 6-2 से, मयंक राजन (म.प्र.) ने वेदान्त वारियर (गुज.) को 6-1, 6-1 से, हुसैन सैफी (म.प्र.) ने अहान गनात्रा (म.प्र.) को 6-1, 6-1 से पराजित किया।



**बालिका वर्ग-14 वर्ष आयु** के एकल क्वार्टरफाइनल में वैदेही शुक्ला (म.प्र.) ने अहाना फलजले (म.प्र.) को 6-2, 6-0 से, सोनिया दत्ता (म.प्र.) ने हर्षिता विष्वकर्मा (म.प्र) को 6-2, 6-2 से, पलक मालवीय (म.प्र.) ने अहाना दोशी (म.प्र) को 6-0, 6-1 से, मनुस्मृति सिंह (म.प्र) ने आन्या फलजले (म.प्र.) को 6-1, 6-1 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

**बालक वर्ग-14 वर्ष आयु** के युगल क्वार्टरफाइनल में वेदान्त वारियर -ध्येय शाडिंल्य ने आरव संचेती-गर्व मालपानी को 6-4, 6-2 से, मीरेष गिरधानी-हितार्थ सुराना ने सोहम पाटीदार-अरनव सक्सेना को 2-6, 6-2, 10-5 से, ऋषिव रावालह-रूहान तलरेजा ने अर्थव पालोद-युग जैन 7-5, 6-0 से पराजित किया।

**बालिक वर्ग-14 वर्ष आयु** के युगल क्वार्टरफाइनल में हर्षिता विष्वकर्मा-प्रियमवदा यादव ने आयरा लोदी-आन्या राठी को 6-0, 6-0 से, आन्या फलजले-अहाना फलजले ने दीवनिति महेश्वरी-आन्या खान को 6-0, 6-0 से, पलक मालवीय-वैदेही शुक्ला ने गीतिका बोथरा -अहाना दोषी को 6-0, 6-0 से पराजित किया।

## एसएस कम्यून व नायर एकेडमी फायनल में

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट







एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एवं आईडीसीए द्वारा आयोजित एमपीसीए अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत पहला दो दिवसीय सेमीफायनल मैच इंदौर कोल्ट्स एवं एसएस कम्यून के मध्य खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 66 ओवरो में सभी विकेट खोकर 150 रन बनाये । कुशाग्र नागर ने सर्वाधिक 55 रन बनाये । इंदौर कोल्ट्स की ओर से देवांश तोमर ने 5 विकेट एवं शुभ भाटिया ने 2 विकेट लिये । जवाब में इंदौर कोल्ट्स ने 52 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 115 रन बनाए। इस प्रकार एसएस कम्यून को 35 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल हुई। दिव्याष गोस्वामी ने सर्वाधिक 26 रन बनाये । रितिक परब ने 4 विकेट एवं आयुष व रंगेष ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एसएस कम्यून ने मैच खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 29 ओवरो में 2 विकेट पर 67 रन बना लिये थे । इस तरह एसएस कम्यून ने यह मैच पहली पारी की 35 रनों की बढत से जीत लिया और फायनल में प्रवेश किया ।

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य दो दिवसीय सेमीफायनल मैच एमवायसीसी एव एनसीए के मध्य खेला गया जिसमें एमवायसीसी ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 70 ओवरो में सभी विकेट खोकर 188 रन बनाये । अर्णव शारडा ने सर्वाणिक 104 रनों का योगदान दिया । एनसीए की ओर से अर्णव पुंदिर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट तथा गोरेष कुमावत एवं राज नागर ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एनसीए ने अपनी पहली पारी में 83 ओवरो में सभी विकेट खोकर 216 रन बनाये और 28 रनों की महत्वपूर्ण बढत हासिल की । स्वस्तिक द्विवेदी ने 33 रन एवं अर्नव पुंदिर ने दोहरा प्रदर्षन करते हुए 30 रन बनाये । अर्नव शारदा ने भी दोहरा प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट लिये लेकिन वे अपनी टीम को जीता नहीं पाये । हर्षवर्धन ने 4 विकेट लिये । मैच समाप्त होने तक एमवायसीसी ने 11 ओवरो में 3 विकेट पर 62 रन बना लिये थे लेकिन एनसीए ने यह मैच अपनी पहली पारी की 28 रनों की बढत से यह मैच जीतकर फायनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका मुकाबला एसएस कम्यून से होगा।

## अब घरेलू क्रिकेटर भी होंगे करोड़पति सिलेक्शन कमेटी ने दिया सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड जल्द ही घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ा सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अजीत अगरकर की सिलेक्शन कमेटी को इसको लेकर सुझाव देने का काम सौंपा गया है। बोर्ड का मानना है कि जो खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेलते हैं उन्हें इसका फायदा मिल जाएगा। हालांकि इसको लेकर कई तरह के नियम भी होंगे। बीसीसीआई कई तरह के प्लान पर काम करेगी। खिलाड़ियों को सालाना 1 करोड़ रुपए मिलने तक की उम्मीद है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक बोर्ड रणजी ट्रॉफी के 10 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए तक सालाना सैलरी के रूप में दे सकता है। अगर मौजूदा स्थिति को देखें तो अनुभव के आधार पर सैलरी दी जाती है। रणजी ट्रॉफी के 40 से ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को हर दिन 60 हजार रुपए मिलते हैं। वहीं 21 से 40 मैच खेल चुके खिलाड़ियों को 50 हजार रुपए मिलते हैं। इसके अलावा 20 मैच खेल चुके खिलाड़ियों को 40 हजार रुपए मिलते हैं।

रणजी ट्रॉफी के फाइनल तक पहुंचने वाली टीम के सीनियर खिलाड़ी 25 लाख रुपए तक की कमाई करते हैं। वहीं दूसरी टीमों के खिलाड़ियों को अनुभव के आधार पर 17 से 22 लाख रुपए तक मिलते हैं। बीसीसीआई आईपीएल में न खेलने वाले खिलाड़ियों को लेकर खास तरह के प्लान पर विचार कर रही है।

गौरतलब है कि हाल ही में बीसीसीआई ने टेस्ट क्रिकेट के लिए खास स्कीम शुरू की है। टीम इंडिया के लिए 75 प्रतिशत से ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की मैच फीस 300 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। अगर मौजूदा स्थिति को देखें तो एक खिलाड़ी को 15 लाख रुपए मिलते हैं।

## शोरूम में खड़ी नई कारों में लगी आग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** एयरपोर्ट के सामने कल शाम एक शोरूम में खड़ी नई कारें आग की चपेट में आ गई। बताया जा रहा है पास ही में वन विभाग के जंगल में आग लगी थी वहीं की चिंगारी से शोरूम की कारों में आग लगी थी। गनीमत रही अन्य गाड़ियां बचा ली गई। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार कल शाम को सूचना मिलने पर एयरपोर्ट के नजदीक दमकल की गाड़ियां पहुंची थी। कार शोरूम के मालिक का नाम सागर सामने आया है। उनके यहां दो कारें आग की चपेट में आई, जिसमें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दमकल विभाग का मानना है कि पास ही के जंगल में जो आग लगी थी वह आग फैलते हुए शोरूम की दीवार तक आई थी ,इस चिंगारी से आग जनी की घटना हुई है। दोनों कारें दीवार के पास ही खुले में खड़ी हुई थी। इधर संगम नगर में एक बारदान गोदाम में आग लग गई। यहां 6000 लीटर पानी डाला गया। आग में 40 गठाने जली है। वहीं देर रात कालिंदी गोल्ड कॉलोनी में एक गैराज में अग्निकांड हुआ। आग कैसे लगी यह तो पता नहीं लगा है लेकिन आग बुझाने में 5000 लीटर पानी बहाना पड़ा।

## हम रसिख पर भरोसा करना चाहते थे, इसलिए दिया ओवर : पंत

नई दिल्ली ● एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के लिए गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2024 का खेला गया मुकाबला कभी न भूलने वाला होगा। पंत ने सीजन का तीसरा अर्धशतक लगाया जिसमें 8 छक्के भी शामिल थे। उनके 88 रनों की बदौलत ही दिल्ली पहले खेलते हुए 224 रन बनाने में सफल रही थी। जवाब में खेलने उतरी गुजरात ने मजबूती से पीछा किया लेकिन 19वें ओवर में रसिख ने साईं किशोर का विकेट लेकर गेम पलट दी। दिल्ली के पास एनरिक नोर्त्जे का ओवर बचा था लेकिन कप्तान ऋषभ पंत रसिख के पास गए। मैच के बाद जब उनसे जब इसके बाबत सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मैच में नॉर्टजे को कठिन समय का सामना करना पड़ रहा था। वैसे भी टी20 एक मजेदार खेल है, 14-15 ओवर के बाद गेंद अच्छी तरह से आने लगती है। इसलिए हम रसिख पर भरोसा करना चाहते थे। हमेशा उस पर भरोसा करना होता है जो खेल में अच्छी गेंदबाजी कर रहा हो।

पंत ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक कप्तान के रूप में आपको ऐसे डिसिजन लेने पड़ते हैं। कभी कभी यह अच्छे तरीके से सामने आते हैं। खुशी है कि यह काम कर गया। निश्चित रूप से हम 43/3 पर आकर आगे बढ़ना चाहते थे। इसके बाद मैंने साईं के साथ मिलकर उनके मुख्य स्पिनरों को निशाना बनाया। हमारी सोच थी कि अगर हमें कुछ मिलता है तो हम उसे ले लेंगे नहीं तो स्ट्राइक रोटेट करते रहेंगे।

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने पंत ने कहा कि हर दिन जब में बीच में होता हूं तो बेहतर महसूस करता हूं। मैदान पर हर घंटा मायने रखता है, मुझे मैदान पर रहना पसंद है। मैं अपना 100% देने की कोशिश करता हूं और कभी-कभी इसमें थोड़ा समय लग जाता है। मुझे लगता है कि मैच का पहला छक्का मुझे खेल में आत्मविश्वास देता है। जितना अधिक समय मैं पिच पर बिताता हूं, उतना ही बेहतर महसूस करता हूं।

## ध्रुव वर्मा एनआईएस प्रशिक्षक बने



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एनआईएस नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला द्वारा साल्ट लेक स्टेडियम पर अयोजित फुटबॉल प्रशिक्षक (एनआईएस) कोर्स की गई। जिमाई ध्रुव वर्मा ने फुटबॉल प्रशिक्षण परीक्षा को सफलता पूर्वक पास किया। स्पोर्ट्स कोचिंग कोर्स दिसंबर से जनवरी और दूसरा प्रशिक्षण मार्च और अप्रैल में अयोजित की गई जिस प्रैक्टिकल परीक्षा में भी वे सफल रहे। ध्रुव की प्रशिक्षक परीक्षा की सफलता पीआर इंदौर जिला संघ के अध्यक्ष पिंटू जोशी, सचिव लोकेंद्र वर्मा, प्रशिक्षक खालिद खान, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष देवकीनंदन सिलावट, प्रशिक्षक रमन वर्मा आदि ने बधाई दी।

## देशी कट्टे के साथ पकड़ाया किसान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** देपालपुर पुलिस ने एक किसान को देसी कट्टे के साथ पकड़ा है। वह हथियार कहां से लाया और उसका क्या इरादा है इस बारे में पूछताछ जारी है। देपालपुर थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र गोलकर के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम बिलाल निवासी ग्राम मुंदीपुर है। बिलाल के साथ पूर्व में लूट हो चुकी है एक बार वह अन्य मामले में भी पकड़ा जा चुका है। वह खेती किसानी का काम करता है कल उसे चमन चौराहे के पास से पकड़ा। उसके पास देसी कट्टा, 12 बोर का एक जिंदा कारतू, एक चला हुआ कारतूस मिला है उससे पूछताछ जारी है।

## फरार लुटेरा पकड़ाया पिस्टल भी हुई बरामद

**इंदौर सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।** मानपुर पुलिस ने एक ऐसे बदमाश को पकड़ा है जो लूट के मामले में सालभर से फरार चल रहा था। उससे पूछताछ जारी है। मानपुर पुलिस के अनुसार पकड़े गए बदमाश का नाम लालू पिता केशरसिंह भाबर निवासी ग्राम पीर घाट नालछा जिला धार है। आरोपी के पास से पिस्तौल भी मिली है। आरोपी को गाढ़ा घाट पुराना एबी रोड पर भैरव मंदिर के पास से पकड़ा गया है। दरअसल मानपुर थाने में सालभर पहले लूट का मुकदमा दर्ज हुआ था, उसी में आरोपी की तलाश चल रही थी। कल मुखबिर ने सूचना दी जिसके बाद उसे हिरासत लिया गया।


### ज़ाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम **मनोज शास्त्री** था और अब मेरा नाम **मनोज कुमार शास्त्री** हो गया है एवं मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है।

**मनोज कुमार शास्त्री**
**111, अंबिकापुरी एक्सटेंशन**
**इंदौर पिन 452005**
**मोबाइल 94266-84133**

# मध्यप्रदेश हैंडबॉल टीम को स्वर्ण पदक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

17 वी मिनी नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप जो कि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान मे मुंबई हैंडबाल अकादमी द्वारा मुंबई मे 21 से 24 अप्रेल तक आयोजित की गई। अंतिम फाइनल मुकाबले मे मध्यप्रदेश ने मणिपुर को शानदार तरीके से 27 -16 के अंतर से हराकर राष्ट्रीय विजेता होने का सम्मान हासिल किया। मध्यप्रदेश ने अपने मैचस मे हिमाचल प्रदेश, मुंबई हैंडबॉल अकादमी, केरल, राजस्थान, मणिपुर को हराकर फाइनल तक का सफर तय किया। मध्यप्रदेश के टीम के खिलाड़ी हरमन ढिल्लन, अमन ढांगी, अभय, तेजस यादव, जपमीत सिंह, प्रद्युम्न सिंह के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मध्यप्रदेश राष्ट्रीय हैंडबॉल विजेता बना। टीम के कोच किशन बाटु व मैनेजर वसीम खान थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जैन टीनु महासचिव हरदीप सिंह रुप्पल, हरीश डागुर, कुलवंत सिंह, सुजीता मंडलोई, संजय अटवाल, ने टीम के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## न्यूज इन बॉक्स

### हॉकी प्रशिक्षण शिविर आज से

**इंदौर।** चिमनबाग मैदान पर हॉकी इंदौर एसोसिएशन व ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित 36वां जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन निशुल्क बालक व बालिकाओं का हॉकी प्रशिक्षण शिविर आज से चिमनबाग हॉकी मैदान पर आयोजित किया गया है हॉकी इंदौर एसोसिएशन के सचिव किशोर शुक्ला व सहसचिव मो याकुब अंसारी ने बताया कि हॉकी शिविर में 6 वर्ष से 19 वर्ष तक के बालक व बालिकाओं को निशुल्क एन आई एस कोच द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का शुभारंभ मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी द्वारा शाम 6.30 बजे किया जाएगा।

### मोहित शर्मा के नाम आईपीएल इतिहास का सबसे शर्मनाक रिकॉर्ड




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में एक स्पेल में सबसे ज्यादा रन लुटाने का रिकॉर्ड गुजरात टाइटन्स के मोहित शर्मा के नाम दर्ज हो गया है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को हुए दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के मैच में मोहित शर्मा ने चार ओवरों में 73 रन दे डाले। ऋषभ पंत और ट्रस्टिन स्टब्स ने मोहित के आखिरी ओवर में 31 रन बना डाले, जिससे उनके गेंदबाजी का आंकड़ा 4-0-73-0 हो गया। इससे पहले यह अनचाहा रिकॉर्ड तेज गेंदबाज बसिल थम्पी के नाम था, जिन्होंने 2018 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलते हुए चार ओवरों में 70 रन लुटाए थे।

**आईपीएल इतिहास के सबसे खराब स्पेल**

0/73 - मोहित शर्मा (जीटी) vs डीसी, दिल्ली, 2024

0/70 - बसिल थम्पी (SRH) vs आरसीबी, बेंगलुरु, 2018

0/69 - यश दयाल (जीटी) vs केकेआर, अहमदाबाद, 2023

0/68 - रीस टॉपले (आरसीबी) vs एसआरएच, बेंगलुरु

# सांसें रोक देने वाले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने बाजी मारी

**नई दिल्ली ● एजेंसी।**

दिल्ली कैपिटल्स वर्सेस गुजरात टाइटंस आईपीएल 2024 के 40वें मैच में कई रिकॉर्ड बने। एक तरफ ऋषभ पंत ने मोहित शर्मा की कुटाई कर दिल्ली को 200 के पार पहुंचाया, वहीं 'चेज मास्टर' टीम कही जाने वाली गुजरात ने इस मैच में भी डीसी की सांसे रोक दी थी। अंतिम ओवरों में राशिद खान ने धुआंधार बल्लेबाजी कर मानों मैच जीटी की ओर ही मोड़ दिया था, मगर वह टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करवा पाए। गुजरात को इस मैच में मात्र 4 रन से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली ने उन्हें जीत के लिए 225 रनों का टारगेट दिया था, जिसके सामने टीम निर्धारित 20 ओवर में 220 ही रन बना पाई।

**आखिरी 2 ओवर में गुजरात टाइटंस को थी 37 रनों की दरकार :** दिल्ली कैपिटल्स के 225 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 18 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 188 के स्कोर पर पहुंच गई थी। उस समय क्रीज पर राशिद खान 3 गेंदों पर 2 रन और साई किशोर 2 गेंदों पर 1 रन बनाकर मौजूद थे। डीसी के सामने सिर्फ राशिद को आउट करने की चुनौती थी।




ऋषभ पंत ने 19वां ओवर रसिख सलाम को दिया। रसिक की पहली गेंद पर चौका लगाकर राशिद खान ने साफ कर दिया कि जीटी अभी भी इस रन चेज में जिंदा है। उनकी दूसरी गेंद पर राशिद ने लॉन्ग ऑफ से ऊपर छक्का लगाना चाहा मगर ट्रिस्टन स्टब्स की शानदार फील्डिंग के चलते वह छक्का मात्र एक रन में बदल गया। स्टब्स ने हवा में उछलकर छक्के की ओर जा रही गेंद को एक हाथ से पकड़ा और मैदान के अंदर फेंका। उनका यही फील्डिंग एफर्ट अंत में जीत का अंतर बना।

साई किशोर ने रसिख सलाम के इस ओवर में दो छक्के लगाकर बड़ा बनाया। 19वें ओवर में गुजरात टाइटंस ने 18 रन बटोरे और 200 रन का आंकड़ा पार किया।

### आखिरी ओवर में चाहिए थे 19 रन

*गुजरात टाइटंस को आखिरी ओवर में जीत के लिए 19 रनों की दरकार थी और गेंद मुकेश कुमार के हाथों में थी। राशिद खान ने मुकेश की पहली दो गेंदों पर दो चौके लगाए और दिल्ली की सांसे रोक दी थी। इसकी अगली दो गेंदों पर भी वह बड़ा शॉट लगाना चाहते थे, मगर चूक गए। 5वीं गेंद पर राशिद खान ने छक्का लगाकर एक बार फिर दिल्ली कैपिटल्स की धड़कने बढ़ा दी थी। आखिरी गेंद पर गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 5 रनों की दरकार थी। राशिद खान ने लॉन्ग ऑन की दिशा में शॉट खेला तो मगर वह फील्डर को बीट करने में नाकामयाब रहे और इस तरह दिल्ली कैपिटल्स ने इस रोमांचक मैच में 4 रनों से जीत दर्ज की।*

### अंत में हारना निराशाजनक : गिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स से आखिरी गेंद पर मुकाबला गंवाने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेला, लेकिन अंत में हारना निराशाजनक है। पर मैच में सभी ने शानदार चरित्र दिखाया। अंत तक शानदार संघर्ष और हमने कभी नहीं सोचा कि हम किसी भी समय खेल से बाहर हो जाएंगे। जब आप 224 रन का पीछा कर रहे हों, तो योजनाओं के बारे में बात करने का कोई मतलब नहीं है, बस बाहर जाओ और रन बनाओ। मुझे लगता है कि प्रभाव डालने वाले खिलाड़ी की कुछ भूमिका होती है। आज यह सही से सामने आ नहीं पाई। पिच पर बात करते हुए शुभमन ने कहा कि भले ही आप शुरूआत में अतिरिक्त विकेट खो देते हैं लेकिन पिच बल्लेबाजों को आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त सहायता देती है। एक समय हमने सोचा था कि हम उन्हें 200-210 तक रोक पाएंगे, लेकिन हमने आखिरी 2-3 ओवरों में कुछ अतिरिक्त रन दिए। क्योंकि यह एक छोटा सा मैदान है तो हम रन का पीछा करने को लेकर विश्वास में थे। लेकिन यहां पर रणनीति को लागू करना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

# आरवराज, प्रफुल्ल, मिश्का, सौम्या और अनन्या को जिला खिताब

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

जिला बैडमिंटन संगठन के तहत मल्हार क्रीड़ा मंडल द्वारा आयोजित 14वीं केप्टन दिलीप बारगल स्मृति इंदौर जिला मिनी -सबजूनियर बैडमिंटन स्पर्धा में बालिकाओं में गिरिजा जाधव ने 11वर्ष , तनवी दुबे ने 13 वर्ष और मिश्का गुप्ता ने 15 वर्ष बालिका एकल खिताब हासिल किया। बालकों में आराध्य सागर ने 11 वर्ष, आरवराज सिंह बग्गा ने 13 वर्ष और प्रफुल्ल पाठक ने 15 वर्ष आयु का खिताब अर्जित किया। रिशान नांदेडकर और अनवित गोयल 11 वर्ष बालक, शोभित गुप्ता और सक्षम गुप्ता 13 वर्ष बालक एवं जय सोनी और प्रग्यान सलुजा 15 वर्ष बालक युगल में विजेता रहे। सौम्या वर्मा और अनन्या शारदा ने 15 वर्ष बालिका युगल खिताब जीता। पर्व जाटवा और मनस्वी अरोरा 15 वर्ष मिश्रित युगल में विजेता रहे।

मल्हार क्रीड़ा मंडल में हुई इस स्पर्धा में निवृत्त पुलिस महानिदेशक मिलिंद कानस्कर के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण हुआ। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन कार्यकारी अध्यक्ष अनिल भंडारी ने अध्यक्षता की। इंदौर नगर निगम पार्षद अभिषेक शर्मा, क्षत्रिय धनगर समाज इंदौर अध्यक्ष हरीश चंद्र भार्गव, मल्हार क्रीड़ा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र फणसे, इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर पी सिंह नैयर विशेष अतिथि थे। स्पर्धा सचिव अनिल बारगल, इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सह सचिव धर्मेश यशलहा, रजनीश जैन, सुधांशु व्यास, सुनील होल्कर, शिवाजी नंदवानी आदि मौजूद थे। स्पर्धा मुख्य निर्णायक धर्मेश यशलहा ने स्पर्धा संबंधी जानकारी दी। गुणवंत होलकर ने आभार व्यक्त किया, डॉ. कपिल रोकडे और अंकिता माहेश्वरी ने संचालन किया। संयोजक अनिल भार्गव ने स्पर्धा के विजेता -उपविजेता संबंधी जानकारी दी। विजेता -उपविजेता के साथ ही पहली बार इंदौर जिला स्पर्धा में सेमीफाइनल में खेले सभी खिलाड़ियों को मेरिट प्रमाणपत्र प्रदान किए गए,



11वर्ष बालक एकल फाइनल में आराध्य सागर ने रिशान नादेडकर को 21-8,21-7 से हराया। 11 वर्ष बालक युगल फाइनल में अनवित गोयल और रिशान नांदेडकर ने मलय सोमण और अशांक मिश्रा को 21-11,21-9 से पराजित किया। 11 वर्ष बालिका एकल फाइनल में गिरिजा जाधव ने ऐशानी गोयल को 21-10,21-17 से हराया। 13वर्ष बालक एकल फाइनल में आरवराज सिंह बग्गा ने शोभित गुप्ता को 21-11,21-9 से हराया,13वर्ष बालक युगल के फाइनल में शोभित गुप्ता और सक्षम गुप्ता ने आरवराज सिंह बग्गा और आराध्य सागर को 21-15, 21-16 से पराजित किया। 13वर्ष बालिका एकल फाइनल में तनवी दुबे ने रिद्धिमा सूद को 21-11,21-12 से हराया, 15 वर्ष बालक एकल फाइनल में प्रफुल्ल पाठक ने पर्व जाटवा को 12-21,21-14,21-7 से पराजित किया। 15 वर्ष बालिका एकल फाइनल में मिश्का गुप्ता ने खुशी मुस्किया को 11-21, 21-16, 21-11 से पराजित किया। 15 वर्ष बालिका युगल फाइनल में सौम्या वर्मा और अनन्या शारदा ने पहले क्रम की रेनी अग्रवाल और तनवी दुबे को 11-21,21-19,21-16 से हराकर उलटफेर किया। 15 वर्ष बालक युगल फाइनल में जय सोनी और प्रग्यान सलुजा ने मेहर आनंद और पर्व जाटवा को 21-18,21-13 से हराया। 15 वर्ष मिश्रित युगल फाइनल में पर्व जाटवा और मनस्वी अरोरा ने पहले क्रम के जय सोनी और तनवी दुबे को 21-18,21-17 से हराकर उलटफेर किया।

# दोस्त ने लगा दिया हजारों का चूना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

साथ काम करने वाले दोस्त ने चोरी से मोबाइल गायब किया, इसके बाद हजारों रुपए डिजिटली निकाल लिए, जब युवक को खाते में पैसे कम मिले तो उसने पुलिस से शिकायत की। जांच के बाद अब दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामला लसूडिया थाना क्षेत्र के ब्रिलिएंट सफायर टेली परफॉर्मेंस का है। फरियादी हिमांशु अग्रवाल की शिकायत पर उसके दोस्त पंकज यादव निवासी सुखलिया के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया। हिमांशु मूल रूप से नरसिंहपुर का रहने वाला है वह टेली परफारमेंस में काम करता है, उसने पुलिस को बताया कि ड्यूटी के दौरान अपना मोबाइल ऑफिस के लॉकर में रखा था, लाकर डिजिटल नंबर से ही खुलता है, डिजिटल नंबर उसके आरोपी दोस्त पंकज पंवार को ही मालूम था, आरोपी पंकज ने पिछले माह लॉकर से हिमांशु का मोबाइल निकाला और फिर क्यू आर कोड से स्कैन कर करीब 17 ट्रांजेक्शन अलग-अलग कर दिए उसने हिमांशु के खाते से हजारों रुपए ट्रांसफर कर दिए। पुलिस की जाच हुई तो पता लगा कि वह सभी ट्रांजेक्शन पंकज पवार द्वारा करवाए गए थे, इसके बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

**मोबाइल चुराकर डिजिटली निकाल लिए पैसे**

## उधारी के पैसे मांगने पर हुआ हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ में चिकन कारोबारी पर एक बदमाश ने हमला कर उसे घायल कर दिया। चिकन कारोबारी का कहना है कि आरोपी से उसे 10 हजार लेना है, वह पैसा मांगने पहुंचा तो उस पर हमला हुआ है। राऊ थाने में फरियादी शकील उर्फ शेरू पिता इस्माइल निवासी रामरहीम कॉलोनी की शिकायत पर आरोपी महेंद्र सिंह निवासी किशनगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह चिकन की दुकान चलाता है, आरोपी महेंद्र ने उससे कारोबार के लिए 10 हजार उधार लिए थे। कल रात वह राऊ में गुटखा लेने जा रहा था रास्ते में महेंद्र मिल गया उसने उधारी के पैसे मांगे तो आरोपी महेंद्र ने गालियां देना शुरू कर दिया और उस पर हमला कर उसे घायल भी कर दिया।

## रेस्टोरेंट मालिक के बेटे ने ग्राहक के गले में मारा चाकू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** खजराना में एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ। वह अपने दोस्त के साथ रेस्टोरेंट पर खाना खाने पहुंचा था, जिस आरोपी ने उस पर हमला किया उससे दो दिन पहले भी गाड़ी ओवरटेकिंग की बात पर विवाद हुआ था। खजराना थाने में फरियादी मोहम्मद अयाज खान पिता वारिस खान निवासी न्यू हिना पैलेस कॉलोनी की शिकायत पर आरोपी फैज अब्बासी के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। फरियादी अयाज ने पुलिस को बताया कि आरोपी फैज अब्बासी से दो दिन पहले गाड़ी ओवरटेक करने की बात पर झगड़ा हो गया था। वह विवाद वहीं खत्म हो गया था पर कल अयाज अपने एक दोस्त सोहेल के साथ आरोपी फैज अब्बासी के पिता के रेस्टोरेंट पर खाना खाने पहुंचा तो वहीं पर आरोपी फैज उसे मिल गया तो दोनों में फिर बहस हो गई। विवाद के चलते आरोपी फैज ने रेस्टोरेंट में रखा चाकू उठाकर अयाज के गले और पीठ पर दे मारा। अयाज की हालत नाजुक बनी हुई है।

**एक दिन पहले भी हुआ विवाद**

# पुलिस पर लगाया कपड़े उतरवाकर पीटने का आरोप






इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पलासिया चौराहा पर जय जोशी की नाश्ते की दुकान है, देर रात पुलिस तुकोगंज ने दुकानदार जय जोशी को दुकान से उठाकर गाड़ी में बैठाने की कोशिश की और जय जोशी को पुलिस ने पीटा ऐसे आरोप जय ने लगाया। जय ने यह भी बताया कि उसे और अन्य कुछ और दुकानदारों को पुलिस ने गाड़ी में बैठाया और सभी को मारने के साथ गालियां भी दी, कुछ लोगों को हिदायत देकर छोड़ा भी गया। जय जोशी ने बताया कि उसे अकेले को केबिन में बैठाए रखा और उसके कपड़े उतरवाकर लाठी-डंडों से पुलिस ने पीटा। इस मामले में पीड़ित जय जोशी के दोस्त और परिजनों ने मेडिकल भी करवाया और अस्पताल में जाच भी करवाई। इस मामले में पीड़ित ने बताया कि कुछ समय पहले पुलिसकर्मी फ्री में सिगरेट मांगने आए थे, जिस पर जय जोशी ने मना कर दिया था उसी से पुलिस खफा थी और कल रात 2 बजे दुकान से उठाकर थाना लाए और उसके मारपीट की। पीड़ित ने फोटो भी जारी करे, जिसमें पैर, पीठ और अन्य जगह पर भी निशान के चित्र भेजे गए।

## शादी समारोह से फिर चोरी

### उपहार से बड़ा बैग ले उड़े बदमाश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शहर में शादी समारोह के दौरान चोरियों के सिलसिले लगातार बढ़ रहे हैं। अब हीरानगर क्षेत्र में चोरी की वारदात हुई है। हीरानगर थाने में फरियादी तनिष्क मिश्रा पिता महेश मिश्रा निवासी क्लर्क कॉलोनी की शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ है। तनिष्क की सप्ताह भर पहले शादी थी, शादी का समारोह मंगल परिसर गार्डन मदन महल के पास हुआ था। उसने पुलिस को बताया की शादी समारोह के दौरान देर रात उसकी बहन परिधि रावत ने उपहार में मिले लिफाफे, मंगलसूत्र, नाक की नाथ और एक मोबाइल एक बैग में रखा ,वह बैग वहीं पर रखकर वह नाचने लगी थी। इस दौरान अज्ञात बदमाश उपहार से भरा बैग ले उड़ा। कितनी राशि चोरी हुई है यह तो पता नहीं लग पाया है । गौरतलब है कि शहर में शादी समारोह परिसर से इस तरह की चोरियां आम बात हो गई है। इन चोरियों में देखा गया है कि ज्यादातर सांसी गिरोह का हाथ रहता है। पूर्व में पुलिस ने सांसी गिरोह के बदमाशों को पकड़ा भी है लेकिन वारदातें रुकने का नाम नहीं ले रही।

## तेज रफ्तार कार ने ले ली नाबालिग की जान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** गांधीनगर इलाके में एक नाबालिग लड़के की जान तेज रफ्तार कार ने ले ली। परिवार के लोगों को हादसे के फुटेज भी मिले हैं। पुलिस इस आधार पर आरोपी कार चालक को तलाश कर रही है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार घटना गोम्मटगिरि के नजदीक की है। मृतक का नाम सुजल पिता दिनेश उम्र 17 वर्ष है। वह एक फोटो स्टूडियो शॉप पर काम करता था। कल वह किसी काम से निकला था तभी उसे कार ने टक्कर मार दी, उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। पुलिस का कहना है आज अंतिम संस्कार के बाद आरोपी कार चालक के फुटेज परिजनों से लिए जाएंगे उसके बाद आगे ही कार्रवाई की जाएगी।

# कार के लिए पत्नी का गला दबा दिया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। एक नवविवाहित को कार के लिए उसके पति ने गला दबाकर मारने की कोशिश क्री। पीड़िता ने सास, ननद के खिलाफ भी यातना देने की शिकायत की है। मामला गांधीनगर थाना इलाके के अरिहंत नगर का है। फरियादी प्रीति सोलंकी की शिकायत पर उसके पति विक्रम सोलंकी, सास मंजू सोलंकी और ननद हिना राणा के खिलाफ दहेज यातना और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रीति ने पुलिस को बताया कि पिछले साल ही उसकी शादी विक्रम से हुई थी। शादी के बाद से ही आरोपी दहेज में कार, वॉशिंग मशीन और अन्य सामान की मांग कर रहे थे। प्रीति ने उन्हें समझाया कि उसके पिता आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं हैं कि कार दे पाएं। इसी बात को लेकर आए दिन उससे विवाद किया जाता है। बीती रात आरोपियों ने प्रीति के साथ मारपीट की, उसके पति विक्रम ने उसका गला दबा दिया, जैसे-तैसे उसने अपनी जान बचाई और फिर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई।

# अमूल दूध एजेंसी के नाम पर 8 लाख ठग लिए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तेजाजी नगर पुलिस ने दूध एजेंसी के नाम पर 8लाख ठगने वाले एक ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी की तलाश जारी है। तेजाजी नगर थाने में फरियादी अमित टुटेजा पिता सतपाल सिंह टुटेजा निवासी सार्थक विहार कॉलोनी मिर्जापुर की शिकायत पर आरोपी आनंद चौकसे निवासी नंदा नगर इंदौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी अमित ने पुलिस को बताया कि आरोपी आनंद ने उसे झांसा दिया कि वह उसे अमूल दूध की एजेंसी दिलवा देगा, लॉकडाउन के दौरान आरोपी ने एजेंसी के नाम पर 8 लाख ले लिए। आज तक ना तो पैसे लौटाए ना ही एजेंसी दिलवाई। फरियादी ने कहा तो उसे धमकियां देने लग गया। इसके बाद फरियादी थाने पहुंचा और शिकायत की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

# ऑटो चालक पर जानलेवा हमला

### खजराना में ऑटो को लेकर महिला को पीटा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शहर में ऑटो को लेकर दो जगह विवाद हुए। एक जगह ऑटो चालक पर हमला हुआ है। वहीं दूसरी जगह महिला के साथ मारपीट हुई है। पहला मामला सदर बाजार थाना इलाके का है। घायल ऑटो चालक का नाम अब्दुल वसीम पिता अब्दुल रशीद निवासी जूना रिसाला है। उसकी शिकायत पर अज्ञात हमलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि ईदगाह गार्डन सदर बाजार रोड पर उसे चाकू मारे गए। दरअसल वहां पर एक बारात निकल रही थी, ऑटो रिक्शा को साइड में खड़ा करने की बात पर बराती से विवाद हो गया। उसी के चलते एक अनजान युवक ने उसे चाकू से गोद डाला। इधर खजराना में नीलोफर पति आबिद अली निवासी हाजी कॉलोनी के साथ मारपीट हुई है। नीलोफर ने पुलिस को बताया कि उसके मामा का लोडिंग रिक्शा उसके घर के सामने खड़ा था, पास ही में रहने वाले जाहिद ने लोडिंग रिक्शा हटाने को कहा। नीलोफर ने कहा कि मामा के आते ही गाड़ी हटवा देंगे। जाहिद तब तो चला गया लेकिन थोड़ी देर में आया और महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। नीलोफर थाने रिपोर्ट दर्ज करवाने जाने लगी तो रास्ते में उसे दोबारा रोक कर मारा पीटा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।